हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025

तापमान

अधिकतम 31.6 डिग्री

न्यूनतम 26.4 डिग्री



तिफरा जीएसटी आफिस के पास अनियंत्रित ट्रक पलट गया।



श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# 'बिजली, पानी नहीं तो टैक्स नहीं' के साथ एक घंटे तक नारेबाजी, महापौर कक्ष के सामने लोगों ने फोड़ी मटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम बिलासपुर के वार्ड क्रमांक 5 डॉ. खुबचंद बघेल नगर तिफरा की पार्षद गायत्री साहू के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने हाथ में तख्ती व मटकी लेकर विकास भवन का घेराव किया और जमकर सुविधा नहीं तो टैक्स नहीं की नारेबाजी करते हुए महापौर कक्ष के सामने मटकी फोड़ी। इस दौरान महिलाओं में पेयजल संकट व प्रकाश व्यवस्था को लेकर जमकर आक्रोश नजर आया। उनका आरोप था कि नगर निगम चुनाव से लेकर अब तक छह माह से वार्ड में लगातार पेयजल संकट बना हुआ है और बारिश के मौसम में भी प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त नहीं की जा रही है जिसके कारण वार्ड के लोगों को परेशानी हो रही है। स्थानीय अधिकारियों से बार बार गुहार लगाने के बाद भी निराकरण नहीं किया जा रहा है इसके बावजूद भी निगम प्रशासन टैक्स पटाने दबाव बना रहा है। दूसरी ओर निगम ने बिना किसी सूचना के किए गए इस प्रदर्शन पर पार्षद और पार्षद पति पर सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज करा दिया है।

### विकास भवन का घेराव, निगम ने पार्षद व पार्षद पति पर कराया एफआईआर



### कांग्रेसी वार्डों की हो रही है उपेक्षा

हंगामे के दौरान पार्षद गायत्री साहू ने आरोप लगाया कि जब से नगर में भाजपा की सरकार बनी है लगातार कांग्रेसी पार्षद के वार्डों में भेद भाव किया जा रहा है। विगत छह माह से निगम अधिकारियों तथा महापौर को लिखित व मौखिक रूप से वार्ड की समस्याओं से अवगत करा रहे हैं लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है और ना ही मूल भूत सुविधाओं के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इस आंदोलन प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू, संत सर्वे, महेश ठाकुर, शिव यादव, दिनेश यादव, पवन कश्यप, सचिन भवानी, अक्षय नवरंग, प्रकाश खांडे, कलेश्वरी यादव, ईश्वरी कोसले, सीमा दिवाकर, पूजा बंजारे, राजेश्वरी महिलांगे, विकास साहू, मोहित खन्ना, रमजान खान, परमेश्वर साहू, संत गिरि गोस्वामी, संतोष श्रीवास, राजेश कोसले, निपेन्द्र पटेल, चित्ररेखा खांडे, सतकुमारी बघेल, मोना खांडे राजकुमारी बंजारे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व कार्यकर्ता गण शामिल हुए।

### मना करने के बावजूद मटकी फोड़ी

वार्ड क्रमांक 5 के लोग बिना बताए आंदोलन के लिए पहुंच गए थे। इसके बाद भी उनकी बातों को गंभीरता से सुनने का प्रयास किया गया। वार्ड पार्षद लेकिन ज्ञापन देने को तैयार ही नहीं थे। सिर्फ हंगामा किया जा रहा था इसलिए पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस के सामने मना करने के बाद भी महापौर चेंबर के पास मटकी फोड़ दी गई। इसलिए पुलिस रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

- खंजाची कुम्हार, अपर आयुक्त, नगर निगम



### चेंबर के सामने मटकी फोड़ने से बढ़ा विवाद

चेतावनी दी गई कि जब तक उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं होगा, तब तक टैक्स जमा नहीं करेंगे। वार्डवासियों ने अपनी समस्याओं का ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को और उग्र करेंगे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चुनाव के समय वादे तो बहुत किए जाते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया जाता। इधर निगम ने पुलिस बल बुला लिया तो लोगों का आक्रोश और बढ़ गया। विकास भवन में ही मटकी फोड़ने की कोशिश होने लगी। अधिकारियों ने मना किया तो महापौर श्रीमती पूजा विधानी के चेंबर के सामने मटकी फोड़ दी गई। इससे हंगामा बढ़ गया।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भर्ती प्रक्रिया निरस्त

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा के अंतर्गत स्वीकृत 3 नवीन आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती के लिए जारी विज्ञापन को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है। परियोजना अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत पोड़ी, नगर निगम के अंतर्गत वार्ड क्र. 8 एवं वार्ड क्र. 7 में कार्यकर्ता एवं सहायिका के 1-1 पद पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई थी। उन्होंने बताया कि 18 अगस्त से आवेदन पत्र लेने का काम शुरू होना था।

### प्राचार्यों की पोस्टिंग के लिए काउंसिलिंग आज से

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राचार्य (टी-संवर्ग) के पदोन्नति आदेश जारी कर दिए गए हैं। इन पदोन्नत प्राचार्यों के पदांकन के लिए ओपन काउंसिलिंग 20 अगस्त से 23 अगस्त तक शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर, शंकर नगर रायपुर में किया जाएगा। इस काउंसिलिंग में कुल 845 नव पदोन्नत प्राचार्य शामिल होंगे। काउंसिलिंग प्रतिदिन सुबह 10 बजे से निर्धारित है। प्रत्येक दिन प्रथम पाली में 150 और द्वितीय पाली में 150 इस प्रकार प्रत्येक दिन कुल 300 अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में शामिल किया जाएगा। काउंसिलिंग की तिथि एवं समय की जानकारी पदोन्नत प्राचार्यों की सूची तथा रिक्त पदों की सूची स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को

**बिलासपुर।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को होगा। यह अदालत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इस दौरान अधिक से अधिक प्रकरणों को सूचीबद्ध कर सुलझाने की योजना बनाई गई है। वादियों को भौतिक रूप से उपस्थित होकर या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई का विकल्प दिया जाएगा। इसमें व्यवहारिक, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्लेम, बैंक ऋण, बिजली-पानी बिल जैसे प्री-लिटिगेशन प्रकरण और वर्षों से लंबित मुकदमे रखे जाएंगे। आपराधिक मामलों में राजीनामा योग्य प्रकरणों को भी शामिल किया जाएगा। समन जारी कर पक्षकारों को बुला रहे हैं।

### कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा 14 सितंबर को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यापमं की ओर से जिला पुलिस बल में कॉन्स्टेबल पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। लिखित परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की लिंक ओपन कर दी गई है। लिखित परीक्षा 14 सितंबर को ली जाएगी। कैंडिडेट 27 अगस्त शाम 5 बजे तक फॉर्म भर सकते हैं। प्रवेश पत्र 8 सितंबर को जारी कर दिए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर कार्य दिवसों में सुबह 10:00 से शाम 5:30 बजे के बीच 0771-2972780 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। अभ्यर्थियों को व्यापमं की वेबसाइट पर जाकर पहले रजिस्ट्रेशन करना होगा।

# हड़ताल का दिखा असर, डाक्टर, टेक्नीशियन व स्टॉफ नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। एनएचएम कर्मचारियों के नहीं होने के कारण अस्पतालों में सन्नाटा पसरा रहा। हड़ताल के दूसरे दिन जबरदस्त तरीके के स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रही। इस दौरान एनएचएम के संविदा डाक्टर, टेक्नीशियन, नर्सिंग स्टाफ, कार्यालय स्टाफ के साथ फिल्ड कर्मचारियों नदारद रहे। जिससे व्यवस्था चरमरा गई।

जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 750 अधिक कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। आंदोलन के चलते पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। प्रदेश में 16 हजार कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया है। इसका व्यापक असर देखने को मिल रहा है। मरीजों को समय पर दवा उपलब्ध नहीं हो रही है। आपातकालीन व्यवस्थाओं से भी कर्मचारियों ने मुंह मोड़ लिया है, जिसके चलते नवजात शिशु वार्ड में भी एनएचएम कर्मचारी ड्यूटी नहीं कर रहे है। पोषण आहार केंद्र जैसे कार्यक्रम ठप है।

खास बात यह है कि डाक्टरों के द्वारा जांच लिखे जाने के बाद भी अस्पतालों में शुगर, ब्लड टेस्ट, ट्रूनाट, सीबीनाट से बलगम टेस्ट और नेत्र जाँच नहीं हो पा रही है। रूटीन टीकाकरण भी बंद कर दिया गया है।

टीबी, मलेरिया, कुष्ठ जैसी बीमारियों के मरीजों को भटकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बिल्हा, मस्तुरी, कोटा सीएचसी में कर्मचारी और डाक्टर नदारद रहे। इस दौरान अस्पताल में सन्नाटा छाया रहा।

### चेंबर रहे खाली







### कर्मचारियों की नाराजगी पड़ेगी भारी

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी एवं प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने कहा कि कर्मचारियों ने कई बार मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर मांगें रखीं लेकिन सरकार मांगों को अनदेखा कर रही है। कर्मचारियों की नाराजगी सरकार को भारी पड़ सकती है। 27 फीसदी वेतनवृद्धि, मेडिकल अवकाश और ग्रेड पे पर स्वीकृति मिलने के बावजूद आदेश जारी नहीं किए गए, जिससे नाराज कर्मचारी अब हड़ताल पर हैं। कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष श्याम मोहन दुबे, पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभात श्रीवास्तव व पूर्व टीकाकरण अधिकारी डॉ सेमुवल भी जिले में हड़ताल प्रदर्शन का समर्थन किया है।



# मितानिनों ने दिखाई ताकत, सड़कें जाम

**बिलासपुर।** बिलासपुर की सड़कों पर मंगलवार को अभूतपूर्व नज़ारा रहा। हजारों मितानिनों ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रोरेट का घेराव कर दिया। नारों और बैनरों के साथ एकजुट होकर महिलाओं ने अपनी आवाज बुलंद की। मितानिन संघ ने एनएचएम में शामिल करने, 50 फीसदी वेतन वृद्धि और एनजीओ प्रथा बंद करने की मांग को लेकर निकाली गई। मितानिनों का कहना है कि वे स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं, लेकिन सरकार ना तो उचित मानदेय दे रही है और ना ही उन्हें स्थायित्व प्रदान कर रही है। जिले में 72 हज़ार मितानिन काम कर रही है, फिल्ड में टीकाकरण, प्रसव देखरेख, स्वास्थ्य जागरूकता और दवाओं वितरण जैसे काम मितानिन के माध्यम से कराया जाता है, स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए इनकी ही मदद ली जाती रही है।

# 6 सौ ट्रिप रेत का पंचनामा बनाकर 8 सौ ट्रिप लिखा

## खनिज विभाग ने ढाई सौ ट्रिप गिनकर चार सौ ट्रिप की पेनाल्टी भी ली, अब दो महीने से भटक रहा रेत मालिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संयुक्त कार्रवाई के अंतर्गत बिल्हा ब्लाक के बरतोरी में दो माह पूर्व अवैध रेत पकड़ी गई थी। नायब तहसीलदार व बिल्हा थाना प्रभारी द्वारा 6 सौ ट्रिप रेत का पंचनामा बनाया गया, लेकिन नायब तहसीलदार ने खनिज विभाग को 8 सौ ट्रिप रेत का प्रकरण तैयार कर भेज दिया। इधर खनिज विभाग ने मौके में जब्त रेत की मात्रा जांची, जिसमें 250 ट्रिप रेत पाई गई। अब खनिज विभाग ने न केवल 4 सौ ट्रिप रेत का प्रकरण बना दिया, बल्कि पेनाल्टी भी वसूल ली। इतना ही नहीं, बल्कि रेत मालिक द्वारा रायल्टी पर्ची मांगने पर बीते दो महीने से खनिज विभाग अब मामले की संयुक्त जांच करने की बात कर रहा है।

रेत के अवैध भंडारणों पर नकेल कसने के उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देशानुसार खनिज टास्क फोर्स के अंतर्गत खनिज विभाग, राजस्व विभाग व पुलिस विभाग द्वारा छापामार अभियान चलाया गया था। इसके अंतर्गत बिल्हा ब्लाक के बरतोरी पंचायत में एक व्यक्ति के पास अवैध रेत जब्त की गई। इसके अंतर्गत नायब तहसीलदार एवं थाना प्रभारी विल्हा द्वारा 22 जून को 600 ट्रिप रेत का ट्रेक्टर ट्राली में पंचनामा बनाया गया था। बाद में पंचनामा में कूटरचना कर 800 ट्रिप बताकर खनिज विभाग को प्रकरण अगली कार्यवाही के लिए दे दिया।

रेत मालिक द्वारा 8 सौ ट्रिप का प्रकरण बनाने की जानकारी होने पर अपने अधीनस्थों से रेत का ट्रिप गिनवाया गया, जिसमें 370 ट्रिप रेत बताई गई। इसके आधार पर रेत मालिक ने खनिज विभाग को आवेदन दिया कि 370 ट्रिप रेत ही डंप है। इसकी जांच करने खनिज विभाग से योगेश वासनिक को भेजा गया, तब रेत मालिक की मौजूदगी में फिर गिनती करवाई गई। इस दौरान रेत 250 ट्रिप ट्रेक्टर ट्राली उपलब्ध मिली। इधर खनिज विभाग ने भी 250 ट्रिप की बजाए 400 ट्रिप रेत का प्रकरण बना दिया।

इस संबंध में रेत मालिक रामनाथ यादव ने बताया कि उन्होंने 400 ट्रिप रेत होना स्वीकार कर कुल पेनाल्टी राशि 4 लाख 82 हजार रूपए के अंतर्गत पहली किश्त के रूप में ढाई लाख रूपए जमा भी कर दिए। इसी तरह दो माह के भीतर 1 लाख 16 हजार की दो किश्तों के लिए विभाग से सहमति प्राप्त कर ली। इस संबंध में उन्होंने स्टाम्प में लिखकर विभाग को दे दिया है। इधर राशि जमा करने के चार दिन बाद रायल्टी पर्ची मांगने पर खनिज विभाग द्वारा अब फिर से संयुक्त रूप से जांच करने की बात कही जा रही है। इस संबंध में रेत मालिक द्वारा कलेक्टर संजय अग्रवाल से लिखित शिकायत कर खुद के खर्चे से जेसीबी और ट्रेक्टर लगा कर गिनती करने की अनुमति मांगी गई है।



### खनिज विभाग ने ही प्रकरण को भ्रामक माना

- प्रकरण तैयार करने के बाद कई बार ओवर राईटिंग

### प्रकरण में लग रहा विरोधाभास

अवैध भंडारण का मामला है। इसमें तैयार किए गए प्रकरण में ही कुछ विरोधाभास लग रहा है। जांच करा लेते हैं, जिससे वास्तविक स्थिति पता चल जाएगी। इसके बाद ही समुचित कार्रवाई की जाएगी।

- किशोर कुमार गोलघाटे, उप संचालक खनिज विभाग

### शाम होते ही छाया अंधेरा



# झमाझम बारिश से शहर सराबोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- प्रदेश में बिलासपुर में रहा अधिकतम तापमान

उमस भरी गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर रखा है, मंगलवार की शाम अचानक मौसम ने अंगड़ाई ली, और शाम 4 बजे के बाद घटाएं छाने लगी, गरजते-चमकते बादल के साथ ही दिन ढलते-ढलते झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया और करीब घंटे भर जबरदस्त बारिश होती रही, इस दौरान सड़कों पर पानी नालियों का पानी भर गया और बिजली बंद होने से ट्रैफिक लाइट व स्ट्रीट लाइट भी बंद हो गई। महाराणा प्रताप चौक, बसस्टैंड जैसे जगहों में लंबा जाम लग गया। बारिश के कारण लोगों को उमस से राहत मिली।

गरज-चमक के साथ हफ्ते भर बाद हुई बारिश के कारण उमस भरी गर्मी से थोड़ी बहुत राहत मिली, जहां मंगलवार की सुबह से ही तेज धूप रही और उमस के कारण लोग हलाकान रहे वहीं दोपहर करीब 2 बजे शहर में कुछ इलाकों में हल्की बारिश होती रही। दोपहर को रेलवे क्षेत्र में अच्छी बारिश दर्ज की गई। इसके बाद दोबारा सूरज की चमक के चलते उमस बरकरार रही। शाम होते-होते मौसम ने पलटी मारी और झमाझम बारिश हुई जिससे राहत मिल सकी। इस दौरान सड़कों का हाल बेहाल रहा, नालियों में कचरा भरा होने के कारण नालियों का पानी सड़क से होकर बहता रहा। यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई। ट्रैफिक लाइट बंद होने के कारण सड़कों पर जबरदस्त जाम भी लगा रहा।

### हफ्तों बाद उमस से राहत



### बिजली सप्लाई रही ठप कई इलाकों में 5 घंटे बंद

बारिश के कारण एक बार फिर बिजली व्यवस्था की पोल खुल गई। शाम को आसमानी बिजली की चपेट के आने के कारण कई बिजली उपकरण खराब हो गए। तिफरा, सूर्या विहार, पाटनवार कालोनी, राज किशोर नगर, कल्याण बाग, अशोक नगर, कोनी, हेमुनगर जैसे इलाकों 3 से 5 घंटे बिजली बंद रही। वहीं करबला रोड, जूना बिलासपुर, कतियापारा, गांधी चौक बसस्टैंड, लिंक रोड, दयालबंद जैसे इलाकों में शाम 5 बजे से 7 बजे तक अंधेरा छाया रहा। इस दौरान शाम के बाद बिजली अधिकारियों के फोन बिजी मोड पर रहे और फ्यूज कॉल के कर्मचारियों ने भी फोन उठाना जरूरी नहीं समझा। जिसके चलते उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## फर्जी चेक के जरिए बैंक से 70 लाख रुपए निकालकर धोखाधड़ी

# विदेश से लौटने के बाद एजेंट व बैंक कर्मी सहित 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हरियाणा गुडगांव के एक निजी कंपनी के संचालक के नाम का फर्जी चेक बैंक में जमाकर 70 लाख आरोप अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कराकर धोखाधड़ी करने वाले एजेंट, दो बैंककर्मी सहित चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर 6 लाख 15 हजार रुपए जब्त किया है। वहीं उनके बैंक खाते में 10 लाख रुपए होल्ड कराया गया है।

ज्ञात हो कि 25 जुलाई 2025 को सरकण्डा एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक सत्यजीत कुमार पिता स्व. जीडी वर्मा ने रिपोर्ट लिखाई। उनके शाखा में संचालित बचत खाता के खाताधारक बसंत विहार लिंगियाडीह निवासी एडवर्ड थामस पिता राजेश थामस के द्वारा 19 जून 2025 को एचडीएफसी बैंक शाखा गुड़गांव हरियाणा में संचालित बैंक खाता धारक अनमोल जैन के खाता का फर्जी चेक बनाकर 70 लाख रुपए अंकित कर बैंक में जमा किया गया। बैंक में चेक में उल्लेखित जानकारी की पुष्टि करके उसके बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया गया। गुडगांव बैंक शाखा से शिकायत मिली अमनोल जैन के खाता से फर्जी चेक के माध्यम से 70 लाख रुपए निकाल लिया गया है। बैंक अधिकारियों ने एडवर्ड थामस के बैंक खाते की जांच की तो उसमें से पैसा निकाल लिया गया था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर एडवर्ड थामस एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 338, 336, 3, 340, 2, 61 , 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। टीआई निलेश पाण्डेय के निर्देश पर एसआई कृष्णा साहू के द्वारा जांच कर बाद एजेंट, दो बैंकर्मी सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके पास से 6 लाख 15 हजार रुपए नकद बरामद किया गया है। वहीं चारों आरोपियों के बैंक खाते 10 लाख रुपए होल्ड कराया गया है।



### बैंक स्टाफ का सहयोग

एसआई श्री साहू ने बताया, एडवर्ड थामस ने पकड़े जाने के बाद बताया, रितेश केशरवानी नामक व्यक्ति द्वारा उसे चेक दिया गया था। पुलिस ने पतासाजी की तो जानकारी हुई रितेश भारत छोड़कर विदेश भाग गया है। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से भारत पर घर जाते समय पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसने बताया बैंककमियों के सहयोग से एडवर्ड थामस माध्यम से बैंक में चेक जमा कराकर पैसा निकाला गया था।

### बड़े गैम्बलर पकड़ से बाहर

आरोपी एजेंट रितेश केशरवानी को 70 लाख का फर्जी चेक किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा दिया गया था। बैंक से पैसा निकालने के बाद चारों को पैसा बांटने के बाद शेष राशि लेकर बड़े गैम्बलर भाग गए। खबर है कि फर्जी चेक देने वालों का नाम पता पुलिस को पता चल गया है। पुलिस उन लोगों के सरगर्मी से तलाश में जुटे हुए है।

### पकड़े गए आरोपी

- एडवर्ड थामस गीताजंली सिंटी फेस 2
- रितेश केशरवानी महंतपारा शिवरीनारायण एजेंट
- सोनल खुंटे ग्रीन गार्डन कालोनी के पीछे बैंककर्मी
- आरती यादव लम्बोदर नगर सरकण्डा बैंककर्मी


डॉ. तिलकराम साहू जी को
छ.ग. प्रदेश साहू संघ के
प्रदेश उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
स्वागत कार्यक्रम
दिनांक 20/08/2025 दोपहर 2:00 बजे नयापारा हाईकोर्ट के पास, दोपहर 2:30 बजे काली मंदिर तिफरा के पास, दोपहर 3:00 बजे नेहरू चौक बिलासपुर, 3:30 बजे भक्ति माता कर्मा चौक सरकंडा थाना के पास, 4:00 बजे मोपका
पवन साहू
अध्यक्ष नगर साहू संघ
डॉ. नीरेन्द्र साहू
अध्यक्ष
प्रदेश साहू संघ
ललित साहू
उपाध्यक्ष जिला साहू संघ
गौरी साहू
उपाध्यक्ष जिला साहू संघ
डॉ. तिलक राम साहू
उपाध्यक्ष-छ.ग.प्रदेश साहू संघ
विनीत :- समस्त तहसील, नगर व जिला साहू संघ बिलासपुर
संकलन- रामगोपाल साहू
हरिभूमि प्रतिनिधि लगरा मो. 9617938788
पप्पू साहू
महामंत्री जिला साहू संघ

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



वेकैंसी

## दिल्ली हाईकोर्ट में अटेंडेंट पद पर भर्ती के लिए आवेदन 26 से

**बिलासपुर।** दिल्ली हाईकोर्ट में अटेंडेंट के रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है। दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (DSSSB) की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 26 अगस्त से शुरू होकर 24 सितंबर 2025 तक पूर्ण की जाएगी। जो भी उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं, वे आवेदन शुरू होते ही ऑनलाइन माध्यम से डीएसएसएसबी के पोर्टल पर जाकर आवेदन पत्र भर सकेंगे। इस भर्ती में भाग लेने के लिए उम्मीदवार का किसी मान्यता बोर्ड/ संस्थान से मैट्रिक/ 10th उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 27 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग को ऊपरी उम्र में नियमानुसार छूट दी जाएगी। ध्यान रखें कि उम्र की गणना 1 जनवरी 2025 को ध्यान में रखकर की जाएगी। आवेदन के साथ उम्मीदवारों को 100 रुपये का शुल्क भुगतान करना होगा।




### इस तरीके से कर सकेंगे अप्लाई

आवेदन पत्र की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर भरा जा सकेगा। आवेदन के लिए आपको पहले रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण करना होगा। रजिस्ट्रेशन होने के बाद अभ्यर्थी अन्य जानकारी, फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर अपलोड करना होगा। अंत में निर्धारित आवेदन शुल्क भरकर फॉर्म सबमिट करके उसका प्रिंटआउट निकालकर अपने पास सुरक्षित रखना होगा।

आयोजन

## मंजू दीदी ने बताया रक्तदान का महत्व, दी नशामुक्त जीवन की प्रेरणा



**बिलासपुर।** रक्तदान का कोई विकल्प नहीं है जब हम रक्तदान करते हैं तो हमें मौन आशीर्वाद प्राप्त होता है क्योंकि हमें यह नहीं पता होता कि हमारे द्वारा दिया गया रक्तदान किसका जीवन बचाता है इस प्रकार यह निःस्वार्थ सेवा भी हुई। जिसका बहुत पुण्य जमा होता है। यह बातें टिकरापारा सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कही। आपने सभी को युवा कल का महत्व बताते हुए नशा मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय के प्राचार्य यूके श्रीवास्तव ने कहा कि रक्तदान महा पुण्य है इसका महत्व हमें तब समझता है जब कभी हमें रक्त की आवश्यकता होती है। दीदी के व्याख्यान से रक्तदान से संबंधित सभी मिथ दूर हुए व सभी ने रक्तदान के लाभ को जाना। अपने स्वास्थ्य की जांच कर सभी छात्र-छात्राओं को इस अभियान में अवश्य शामिल होना चाहिए। रेड क्रॉस यूनिट व एनएसएस प्रमुख एन के गवेल सर ने इस प्रेरणादायी आयोजन के लिए प्राचार्य महोदय, मंजू दीदी और पूरी टीम का धन्यवाद किया।

कार्यक्रम

## साहू समाज ने भक्ति भाव से मनाई श्री कृष्णा जन्माष्टमी




**बिलासपुर।** युवा प्रकोष्ठ साहू संघ से सदस्यों ने भक्त माता कर्मा चौक चिंगराजपारा में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई,महिला सदस्यों द्वारा भजन कीर्तन किया गया, इसके साथ ही राधा कृष्ण के रूप में बच्चे ने नृत्य संगीत गाए। इस मौके पर जिला साहू संघ अध्यक्ष डॉ तिलक राम साहू, पप्पू साहू, संरक्षक विनोद साहू,विष्णु साहू ,रामशरण साहू, दीपक साहू, खेमचंद साहू, जीवन साहू, अमन साहू, ओमप्रकाश साहू, नगर साहू संघ उपाध्यक्ष श्यामा साहू , सरिता साहू, पार्वती साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

स्पर्धा

## महाराष्ट्र मण्डल में अभिनव वाचक स्पर्धा, मराठी भाषिकों ने लिया हिस्सा




**बिलासपुर।** बृहन्महाराष्ट्र मंडल व मध्यप्रदेश मराठी अकादमी इंदूर के संयुक्त तत्वावधान में अभिनव वाचक स्पर्धा आयोजित की गई। इसमें कुल 23 लोगों ने मराठी किताब खरीदा व प्रतियोगिता के लिए अपना पंजीयन कराया। इस प्रतियोगिता के प्रश्नपत्र में किताब कर हर मैदान फतेह की कहानी पर आधारित 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों को देने थे। बिलासपुर रेल्वे महाराष्ट्र मंडल परीक्षा केंद्र के प्रमुख गजानन वासुदेव फडके, सहायक शुभांगी शेखर मोने तथा अनिल कायरकर ने इस परीक्षा को संपन्न कराया। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता संपूर्ण भारत के विभिन्न शहरों में एक साथ आयोजित की गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में भिलाई, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा से कई मराठी भाषिकों ने इस प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। मराठी में लिखी इस किताब के लेखक महाराष्ट्र में सेवारत आइपीएस अधिकारी विश्वास नागरे पाटील हैं।

# पौधरोपण से ही संभव पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षा का लें संकल्प

हरिभूमि और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना द्वारा हरियाली अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम के तहत मंगलवार को रिंग रोड स्थित वंसुधरा नगर में पौध रोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा प्रीति चौहान व वसुंधरा नगर की महिलाओं ने पौधे लगाकर इसकी सुरक्षा करने का भी सकंल्प लिया।



**बिलासपुर।** इन्होंने कहा कि पेड़-पौधे हमारे संरक्षक हैं, इसलिए हर एक को पौधरोपण करना चाहिए। संगठन ने पौधों की महत्ता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सदस्यों ने कहा कि फल और छायादार वाले पौधे जिसमें आम, कटहल, संतरा, मौसम्मी, नींबू, जामुन, अमरूद, अनार नीम के पौधे लगाए। वसुंधरा नगर की रहवासी रूकमणी दिवान ने पर्यावरण को बचाए रखने का आह्वान किया।

इन्होंने कहा कि हर इंसान को अपने जीवन में कम से कम 11 पौधे अवश्य लगाना चाहिए और इसकी रक्षा करने का भी संकल्प लें। इन पौधों के लगाने से पर्यावरण तो शुद्ध होगा ही साथ ही आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। सदस्यों ने कहा कि लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण को बचाने के लिए हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण बहुत ही जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति अपने मां के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाए। इन्होंने कहा कि हरिभूमि पत्रकारिता के साथ सामाजिक सरोकर में भी अग्रणी रहता है। इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक अरूण ज्योतिषी, राजेश सानन आदि मौजूद थे।

### छोटी-बड़ी जरूरत पेड़ों से ही पूरी होती है

संस्था की अध्यक्षा प्रीति चौहान ने कहा कि पृथ्वी पर पेड़ की मौजूदगी बेहद जरूरी है। पेड़ों के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं और उनकी सुरक्षा करें। उन्होंने कहा की पौधों के बिना धरती का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। इस वजह से सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करना चाहिए। जीवन की हर छोटी-बड़ी जरूरत पेड़ों से ही पूरी होती है, इससे प्रदूषण और तापमान में भी कमी होगी। शहर में भी हरियाली आएगी, मुहिम का हिस्सा बनकर संवारने का अवसर मिला।

### हरिभूमि और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना ने एक पेड़ मां के नाम किया पौधरोपण



#### इन्होंने किया पौधरोपण

पौधरोपण में रितु ठाकुर, निशा चौहान, शालिनी सिंह, रेणुका सिंह, कनुप्रिया ठाकुर, सुष्मा चौहान सहित समस्त महिला क्षत्रिय वीरांगना ग्रुप की महिला मौजूद थीं। इसी तरह वसुंधरा नगर से भूमिका डोडेजा, अंजनी दुबे, गीता नश्कर आदि महिलाओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया।

**ये हैं सहयोगी :** हरिभूमि परिवार के पौधरोपण और हरियाली अभियान में सहयोगी डॉ सीवी रमन यूनिवर्सिटी, फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी, मार्क हास्पिटल, ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल, पंजाब नेशनल बैंक, क्रेडाई, आधारशिला बिल्डर्स प्रायवेट लिमिटेड, डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर्स भी शामिल हैं।

#### पौधरोपण से ही हरियाली

वंदना ठाकुर ने कहा की पौधरोपण ही पर्यावरण को संरक्षित करने में अहम कदम है। इस मुहिम में हर किसी को आगे आकर जिम्मेदारी से पौधरोपण अधिक से अधिक करना चाहिए। धरती को हरा भरा करने के लिए हरिभूमि परिवार ने जो पौधरोपण का अभियान शुरू किया है,वह एक पुनीत कार्य है। इसका फायदा भविष्य में सभी को मिल सकेगा।

# पोला पर्व 23 को, होगी घर-घर बैलों की पूजा

पोला पर्व 23 अगस्त शनिवार भाद्रपद अमावस्या को मनाया जाएगा। इस दिन घर-घर बैल की पूजा की जाएगी। छत्तीसगढ़ी पकवान ठेठरी-खुरमी बना कर बैलों को भोग लगाए जाएंगे। लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में बैल दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इसमें शहर सहित आसपास के किसान अपने बैलों को सजा कर सहभागिता निभाएंगे।



**बिलासपुर।** पोला पर्व को बैल पोला भी कहा जाता है। यह किसानों द्वारा अपने बैलों के सम्मान में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। इस दिन किसान बैलों को सजा कर उनकी पूजा करेंगे और उन्हें भोजन खिलाया जाएगा। यह त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखता है बल्कि सामाजिक समरसता और पारिवारिक एकता को भी बढ़ावा देता है। ज्योतिषियों के अनुसार इस पर्व का व्यापक महत्व है। यह किसानों के लिए बैलों के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन होता है। बैलों को काम से आराम देकर उनका सम्मान किया जाता है। हिंदू संस्कृति में कई त्योहारों और उत्सवों में पशुओं की पूजा शामिल होती है। बैल पोला उत्सव गायों और बैलों को समर्पित सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक। इस दिन किसान पोला त्यौहार मनाने के लिए अपने खेतों पर नहीं जाकर अपने परिवार के साथ घर पर ही रहते हैं।

### सजी दुकानें, होने लगी खरीददारी

पोला पर्व को देखते हुए कंपनी गार्डन के सामने, सरकंडा, हटरी चौक सहित शहर के कई स्थानों में बैल एवं मिट्टी के खिलौने की दुकानें सजकर तैयार है। लोग इसकी खरीददारी भी करने लगे हैं। फूटकर विक्रेता अरूण, सुनील जायसवाल ने बताया कि मिट्टी का बैल प्रति जोड़ी 120 रूपए में बिक रहा है। लोग अपने बजट के अनुसार मिट्टी व लकड़ी के बैल खरीद रहे हैं। पर्व के पास आने पर पोला आयटमों की बिक्री में तेजी आएगी।





### पारंपरिक पकवानों के लगेंगे भोग

पोला के दिन घर-घर पारंपरिक पकवान ठेठरी, खुरमी बना कर बैलों को भोग लगाए जाएंगे। पूजा के बाद बच्चे मिट्टी व लकड़ी के बैलों को खेलकर उसका आनंद लेंगे। किसान खेती-किसानी में काम करने के कारण बैलों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करेंगे।

### होगी बैल दौड़ स्पर्धा

आदर्श युवा मंत्र द्वारा अमावस्या पर पोला के दिन 23 अगस्त को शाम 6 बजे से बैल दौड़ स्पर्धा आयोजित की जाएगी। मंच के अध्यक्ष महेश दुबे ने बताया कि स्व. श्रीचंद मनूजा की स्मृति में हो रहे इस आयोजन में शहर सहित आसपास गांव के पशुपालक अपने बैलों को विशेष रूप से सजा कर शामिल होंगे। उनके द्वारा बैलों के सींगों पर रंग लगा कर गुब्बारे बांधे जाएंगे। बैलों के पैरों में चूड़ियां और गले में घंटियां पहनाकर उन्हें सजाए रहते हैं। जिससे उनकी सुंदरता बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में होने वाले बैल दौड़ काफी रोमांचक रहता है। इसे देखने लोगों की भारी भीड़ रहती है। लोग देर रात तक इस दौड़ का आनंद लेते रहते हैं।

# जैन समाज का महापर्व पर्युषण आज से, 27 तक चलेगा

बिलासपुर। पर्युषण महापर्व का शुभारंभ बुधवार को जैन धर्मावलम्बियों का अष्टदिवसीय धार्मिक कार्यक्रम से शुरू हो रहा। तेरापंथ समाज का गोलछा हाउस वैशाली नगर, गुजराती जैन समाज का जैन उपाश्रय टिकरापारा एवं जैन श्वेतांबर समाज का कार्यक्रम चोपड़ा भवन व्यापार विहार में होगा। अमरेश जैन ने बताया कि जैन धर्मावलंबियों का वर्ष में एक बार आने वाला विशेष आध्यात्मिक साधना का अष्टदिवसीय महापर्व है, जिसमें धर्माराधना, साधना, पर्युषण के आठ दिनों तक की जाती है। चातुर्मास लगते ही जैन समाज के घरों में बड़ी संख्या में तपस्या करने के साथ साथ आज से हरी सब्जी, जमीकंद का त्याग, सूर्यास्त पूर्व भोजन का त्याग करने लगे है। इस अवसर पर छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक तप, तपस्या, आराधना में लीन होने लगे। पहले दिन कई तरह के उपवास एवं त्याग का पालन घर घर किया जा




रहा। जैन तेरापंथी समाज का दिन भर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन वैशाली नगर में एवं जैन गुजराती समाज का प्रवचन एवं अन्य धार्मिक आयोजन जैन भवन टिकरापारा में संपन्न होगा। श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ की संरक्षक विमल चोपड़ा एवं अध्यक्ष सुभाष श्रीमाल ने बताया कि समाज के द्वारा परम पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व का शुभारंभ बुधवार को पूरे विधि विधान से भगवान को आठ दिनों के लिए नेहरू नगर से चोपड़ा भवन तारबहार पयूषर्ण पर्व स्थल में विराजमान किया जाएगा। जहां विशेष पूजा अर्चना की जाएगी।

सुबह कल्पसूत्र का वाचन विशेष पूजा, सामायिक, प्रतिक्रमण, आरती एवं रात्रि में भक्ति संपन्न हुवा। रात्रि में धार्मिक संगीत संध्या संपन्न होंगे, जिसमें समाज के छोटे बच्चों से लेकर सभी भक्ति में शामिल होकर एक से बढ़कर एक भक्ति प्रस्तुत करेंगे।

## एकजुट होकर देश हित में कार्य करने पर जोर, गीत स्पर्धा भी

**बिलासपुर।** ब्रम्ह वनिताओं व परशु सेना ने देशभक्ति गीत स्पर्धा एवं काब्य गोष्ठी आयोजित की। संस्था की संस्थापिका डॉ शोभा त्रिपाठी ने राष्ट्र प्रथम पर अपने विचार ब्यक्त किए। संरक्षिका द्वय मीनू दुबे, अर्चना तिवारी ने एकजुट होकर देश हित में कार्य करने पर जोर दिया। गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ रश्मि लता मिश्रा ने कर देशभक्ति पर अपनी रचना प्रस्तुत की। कवियित्री डॉ शोभा त्रिपाठी ने अपनी रचना-है मेरा प्यारा हिन्दुस्तान, सैन्य हैं, इसके बडे महान, तिरंगा शान हमारा प्रस्तुत की। संजना मिश्रा, नंदनी तिवारी, अनुपम शुक्ला, शशि तिवारी, पुष्पा शुक्ला मीनू दुबे, शशि पांडेय, ममता मिश्रा, ममता त्रिपाठी, दिब्या चतुर्वेदी, अनामिका दुबे, नैना पांडेय, नीतू तिवारी, संगीता शर्मा, अर्चना शुक्ला, प्रेमलता दुबे, विनिता मिश्रा, आरती द्विवेदी, मीना मिश्रा, सुषमा पांडेय, रंजना शुक्ला, गोदावरी तिवारी, मंजू मिश्रा आदि सभी बहनों ने देश भक्ति से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुति दी।

स्पोर्ट्स न्यूज

राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का आगाज

# खेल के प्रति एक सकारात्मक माहौल बना

आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीप्टी सीएम अरुण साव,अध्यक्षता विधायक धरम लाल कौशिक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी,कलेक्टर संजय अग्रवाल,अपर संचालक तारकेश्वर देवांगन,जिला अध्यक्ष मोहित जयसवाल, दीपक सिंह ठाकुर, रामदेव कुमावत के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

खेलों में तीरंदाजी एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, शतरंज, जूडो, टेनिस, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, योग बास्केटबॉल, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, कबड्डी, खो खो एवं वालीबॉल शामिल है।

प्रदेश के 75 एकलव्य आवासीय विद्यालयों से लगभग 1500 प्रतिभागी,250 कोचेस एवं शिक्षक इस प्रतियोगिता में भाग ले रहें हैं। मुख्य अतिथि अरुण साव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया के तहत पूरे देश में खेल के लिए जो माहौल बनाया है और खिलाड़ियों को जो सुविधाएं मिल रही है उससे पूरे प्रदेश में खेल के प्रति एक सकारात्मक माहौल बना है पिछली सरकार ने जो खेल अलंकरण पुरस्कार को बंद कर दिया था उसे हमने फिर से शुरू किया है जिससे हमारे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है।

### जो विपरीत परिस्थितियों में लड़े वही सच्चा खिलाड़ी

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि आज के इस आयोजन से न केवल हम सब प्रसन्न हैं बल्कि भगवान भी प्रसन्न है और हमें आशीर्वाद देने के लिए अमृत वर्षा कर रहे हैं। विपरीत मौसम के कारण थोड़ी बहुत अव्यवस्था हो सकती है लेकिन अनुकूल परिस्थितियों में तो सभी अपना पराक्रम दिखाते हैं विपरीत परिस्थितियों से जो लड़कर जीतता है वही सच्चा खिलाड़ी होता है। आपके अंदर जो जज्बा मुझे दिखाई दे रहा है वह एक सच्चे खिलाड़ी का जज्बा है और इस जज्बा को हमेशा बनाए रखिए और खेल के क्षेत्र में अपना अपने परिवार का और हमारे प्रदेश का और देश का नाम रोशन करिए।



### आज की प्रतियोगिता के परिणाम

3000 मीटर पैदल चाल श्यामवती जगदलपुर प्रथम, 5000 मीटर पैदल चाल जोगा मीडियाम जगदलपुर प्रथम, लंबी कूद बालक 14 वर्ष भीमसेन प्रथम,लंबी कूद बालिका 14वर्ष मोटली प्रथम, लंबी कूद बालक 19 वर्ष लोमेश प्रथम लंबी कूद बालिका 19 वर्ष अश्वनी प्रथम गोला फेक बालक 14 वर्ष आकाश तेलम जगदलपुर प्रथम गोला फेक बालिका 14वर्ष मान्यता ओट्टी जीपीएम प्रथम, गोला फेक बालक 19 वर्ष ओडियामी गंगा जगदलपुर प्रथम, गोला फेक बालिका 19 वर्ष संध्या लकड़ा सरगुजा प्रथम, 100 मीटर दौड़ बालक 14 वर्ष कुजूर सरगुजा प्रथम, 100 मीटर दौड़ बालिका 14 वर्ष निशा राजनांदगांव प्रथम, 100 मीटर दौड़ बालिका 19 वर्ष शशि सलाम जगदलपुर प्रथम 100 मीटर दौड़ बालक 19 वर्ष अभिषेक जगदलपुर प्रथम 400 मीटर दौड़ बालक 14 वर्ष कमलेश जगदलपुर प्रथम, 400 मीटर दौड़ बालिका 14 वर्ष सविता प्रथम, 400 मीटर दौड़ बालक 19 वर्ष अभिषेक जगदलपुर प्रथम 800 मीटर दौड़ बालिका 19 वर्ष संतोषी प्रथम, 400 मीटर बाधा दौड़ बालक 19 वर्ष अजय उसेंडी जगदलपुर प्रथम, 400 मीटर बाधा दौड़ बालिका 19 वर्ष प्रमिला सरगुजा प्रथम रहीं।

### पहले दिन के खेल में बस्तर संभाग का रहा दबदबा



## खबर संक्षेप

### एमबीबीएस के लिए जान्हवी का चयन



**बेलतरा।** ग्राम बेलतरा निवासी जान्हवी सिंह राजपूत पिता संतोष सिंह राजपूत का एमबीबीएस के लिए जीएमसी कॉलेज कोरबा में चयन हुआ है। इस मौके पर जान्हवी के माता-पिता एवं परिवार सहित गांव के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। जान्हवी शुरू से मेधावी छात्रा रही हैं, इन्होंने अपनी सफलता के पीछे गुरूजन एवं माता-पिता को श्रेय दिया हैं।

### टिकारी व चिल्हाटी में महतारी सदन स्वीकृत

**मस्तूरी।** लंबे समय से चली आ रही मस्तूरी विधानसभा में महतारी सदन का निर्माण की मांग को स्वीकृति मिल गई है। विधायक दिलीप लहरिया के सतत प्रयासों से सरकार ने वर्ष 2025-26 की योजना में इस कार्य को मंजूरी दे दी है। इसके तहत ग्राम पंचायत टिकारी एवं चिल्हाटी में 30-30 लाख रुपए की लागत से महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। बिहान योजना अंतर्गत संचालित 'रूप अमृत महिला संकुल संगठन टिकारी' और 'प्रेरणा महिला संकुल संगठन चिल्हाटी' की ओर से यह मांग को रखी गई थी, जिसे विधायक दिलीप लहरिया ने गंभीरता से उठाकर सरकार तक पहुंचाया। महतारी सदन निर्माण से महिलाओं को एक सुरक्षित एवं सशक्त मंच मिलेगा, जहां वे प्रशिक्षण, बैठकें और सामाजिक गतिविधियों में भाग ले सकेंगी। विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि, महिलाओं की उन्नति और सशक्तिकरण हमारी प्राथमिकता है।

## निधन

### भगवानी देवी विधानी



**बिलासपुर।** गुम्बर पेट्रोल पंप के पास तोरवा निवासी भगवानी देवी विधानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 अगस्त को तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व: दासनमाल विधानी की पत्नी, गिरधर, बसंत कुमार, हेमंत, दिलीप विधानी की माता थीं।

### रेखा सोनी



**बिलासपुर।** पत्रकार कॉलोनी बिरकोना निवासी रेखा सोनी का मेकाहारा रायपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार दोपहर 12 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे फोटो जर्नलिस्ट पवन सोनी की पत्नी थीं।

### विशाल विश्वकर्मा (चिंटू)



**बिलासपुर।** फजल बाड़ा जूना बिलासपुर निवासी विशाल विश्वकर्मा (चिंटू) का 19 अगस्त को निधन हो गया। वे 38 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 20 अगस्त को सुबह 11.30 बजे दयालबंद मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे बालचंद विश्वकर्मा के पुत्र एवं सुभाष विश्वकर्मा के भतीजे थे।

### राम प्रसाद पटेल



**तखतपुर।** मोढ़े निवासी राम प्रसाद पटेल का 80 वर्ष की आयु में सोमवार 18 अगस्त को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मोढ़े में किया गया। वे इंद्राम पटेल के छोटे भाई व शिवकुमार पटेल पुनीत राम पटेल की पिता थे।

### हेतराम गंधर्व



**तखतपुर।** वार्ड क्र 4 सुभाष नगर निवासी हेतराम गंधर्व का 60 वर्ष की आयु में मंगलवार 19 अगस्त को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे विनोद गंधर्व, श्रीयंक गंधर्व के पिता थे।

## बिलासपुर संसदीय क्षेत्र में 11 करोड़ की सीएसआर योजनाएं स्वीकृत

# विकास के लिए हो रहा निवेश आने वाली पीढ़ियों को बनाएगा आत्मनिर्भर: तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री एवं सांसद तोखन साहू की निरंतर पहल और प्रयासों से भारत सरकार के विभिन्न उपक्रमों एवं निगमों द्वारा 11 करोड़ 35 लाख रुपए की राशि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत स्वीकृत की गई है। इन योजनाओं से शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, कौशल विकास, संस्कृति और आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ आधार मिलेगा तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को नई गति प्राप्त होगी। इतनी बड़ी राशि में सीएसआर मद से बिलासपुर संसदीय क्षेत्र को पहली बार कार्य स्वीकृत हुए हैं। यह क्षेत्रीय विकास के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।



■ केंद्रीय राज्य मंत्री की पहल से शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और आधारभूत विकास को मिली नई दिशा

इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि यह सभी योजनाएं केवल कॉर्पोरेट जिम्मेदारी का निर्वहन भर नहीं है, बल्कि समाज के सर्वांगीण विकास का आधार है। शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और कौशल विकास में हो रहा यह निवेश आने वाली पीढ़ियों को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बनाएगा। बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के विकास को नया आयाम देने के लिए मैंने जो संकल्प लिया है, उसमें यह योजनाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। यह सहयोग हमारे क्षेत्र की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

**एसईसीएल की सीएसआर योजनाएं-** मुंगेली ज़िले में 100 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल एवं 50 सुगम्य छड़ी का वितरण (106 लाख), ग्राम कोयलारी, लोरमी प्राथमिक विद्यालय भवन (24.57 लाख) एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन (24.33 लाख), ग्राम कंतेली, मुंगेली शासकीय उच्च विद्यालय में बाउंड्रीवाल निर्माण (43.65 लाख) ग्राम डिडौरी (ची), मुंगेली सांस्कृतिक केंद्र निर्माण (96.66 लाख)।

### एनटीपीसी की सीएसआर योजनाएं



90 लाख की लागत से 7 आधुनिक कंप्यूटर प्रयोगशालाएं प्रत्येक में 10 कंप्यूटर, उच्च गति इंटरनेट एवं आधुनिक सॉफ्टवेयर। लाभान्वित विद्यालय शाकउमावि कोटा, सेजेस सरकण्डा, शाउमावि सेमरताल, शाउमावि बेलगहना, शाउमावि पंधी, पीएम बीआर साव (मुंगेली), सेजेस सरगांव। 453.01 लाख की पूर्ण की गई योजनाएं: शिक्षा एमएलएस महाविद्यालय, सीपत में 300 युगल बेंच-डेस्क एवं 8 संवादात्मक शिक्षण प्रणाली (88.57 लाख), ग्रामीण एथलेटिक मीट, 30 साइकिल वितरण। खेलः फुटबॉल प्रतियोगिता (18.27 लाख), राष्ट्रीय बेसबॉल (4.40 लाख), दिव्यांग खिलाड़ियों हेतु ट्रैक सूट-टोपी (11.58 लाख), कबड्डी-ताइक्वांडो-खो-खो प्रतियोगिताओं को सहयोग। स्वास्थ्यः सिम्स बिलासपुर को 10 रक्तदान शैया (4 लाख), हेलमेट वितरण (7.99 लाख)। कौशल विकासः मोबाइल मरम्मत, उच्च दाब वेल्डिंग एवं इंजेक्शन मोल्डिंग प्रशिक्षण।

### हडको की सीएसआर योजनाएं

डीपी विप्र महाविद्यालय में कक्षा एवं शौचालय निर्माण (25 लाख), उपहार दूध कार्यक्रम 248.70 लाख की लागत से 94 विद्यालयों के 9,397 विद्यार्थी प्रतिदिन पोषक दूध से लाभान्वित, सहायक उपकरण 54 हितग्राही को 73 उपकरण (15.93 लाख), शासकीय विद्यालयों में 250 युगल बेंच-डेस्क (23.91 लाख) की सुविधा दी गई है।

## मेडिकल संचालक चाचा-भतीजे पर जानलेवा हमला, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम कोदवामहंत में उधारी दवाई देने से मना करने पर मेडिकल व्यवसायी चाचा-भतीजे पर प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।




पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 अगस्त को कोदवामहंत निवासी प्रदीप जायसवाल पिता मौजीराम जायसवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, उसके मेडिकल स्टोर में उसका भतीजा चेतन जायसवाल बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव के ही नेतराम जायसवाल मेडिकल स्टोर से दवाई खरीद कर ले गया। आधे घंटे बाद नेतराम का छोटा भाई दिलहरण सभी दवाइयों को वापस करने आया, इस पर चेतन ने उसे सुबह आकर दवाई लौटाने की बात कही। प्रदीप और उसका भतीजा चेतन लगभग रात 8 बजे मेडिकल स्टोर बंद कर घर के लिए जाने लगे, इसी दौरान नेतराम और उसके दो भाई दिलहरण, छोटू, और उसका पिता गीताराम आकर दोनों के साथ गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर चारों ने प्रदीप और चेतन को जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे व ईंट से जानलेवा हमला कर दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल प्रदीप और उसके भतीजे चेतन को गंभीर हालत में लोरमी के 50 बिस्तर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी गीताराम पिता कोडकू जायसवाल और उसके तीन बेटों नेतराम, दिलहरण और छोटू के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2), 3 (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चारों को गिरफ्तार कर लिया।

### कार्रवाई की जाएगी

प्रार्थी की रिपोर्ट पर चार आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम किया गया। साथ ही चारों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। पीड़ितों की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**- अखिलेश वैष्णव,** थाना प्रभारी



## छग तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की बैठक

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी शाखा तखतपुर एवं सकरी की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 22 अगस्त को होने वाले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन हेतु सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। साथ ही एवं 24 अगस्त को जिले में होने वाले प्रांतीय अधिवेशन एवं सम्मान समारोह के कार्यक्रम हेतु आवश्यक तैयारी सुनिश्चित की गई।

इस मौके पर तहसील शाखा तखतपुर अध्यक्ष पद के लिए शशिकांत सोनी व सकरी शाखा से अध्यक्ष पद के लिए विजय कुमार श्रीवास का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। दोनों नव निर्वाचित अध्यक्षों ने सभी से सहयोग की अपेक्षा के साथ मार्गदर्शन हेतु अपील की। पिछले 12 वर्षों से तहसील शाखा तखतपुर के अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी निभाने वाले हिमाचल साहू ने समस्त कर्मचारी साथियों का सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया एवं नए दायित्व संभालने वाले अध्यक्षों के लिए सतत सहयोग व मार्गदर्शन देते रहने की प्रतिबद्धता जाहिर की। इस अवसर पर एलपी श्रीवास, सुरेश कुमार खांडेकर, आर के भोई, उमर कुरैशी, विनोद शर्मा, राजकुमार शर्मा, संजय कुमार सोनी उपाध्यक्ष, अरुना रात्रे, सुनीता ध्रुव, गजेंद्र पांडेय, रोहणी कुमार तिवारी, शेखर पांडेय, भावर सिंह, गुलाम रसूल खान, प्रतीत कश्यप, भूपेन्द्र कौशिक, राजीव कश्यप, मनीष सिंह, धरम लाल सिंह, रघुराम दुबे, शिवपाल सिंह, विनोद पांडे, प्रदीप उपाध्याय, अश्वनी क्षत्री, प्रतिभा सिंह, संतोषी यादव, जितेंद्र ठाकुर, अमलेश पाली, नीलम राजकुमार, योगेश्वर सिंह क्षत्री, ज्योति पाल, विजय मिश्रा, ओमप्रकाश देवांगन, रविशंकर सिंह, देवकांत सोनी, शशिभूषण, राकेश पाठक, नरेंद्र पाठक, मनहरण जगत, राजेश सोनी, सुरेश जांगड़े, नलिनी साहू, सुलक्षणा खांडे, सुमित्रा, गजेंद्र सिंह, धर्मपाल बघेल, शंकुन्तला क्षत्रिय उपस्थित रहे।

## सिंधी समाज ने मनाया थदड़ी उत्सव



**तखतपुर।** सिंधी समाज ने भाद्रपक्ष की सप्तमी को पारंपरिक आस्था और उल्लास के साथ थदड़ी उत्सव मनाया। इस अवसर पर झूलेलाल मंदिर में माता शीतला की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

समाजजनों ने त्रिविध ताप की शांति, परिवार के स्वास्थ्य, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। समाज की महिलाओं ने अपने घरों में बनाए स्वादिष्ट व्यंजन मंदिर में अर्पित कर शीतला माता को भोग लगाया। साथ ही समाज ने जल देवता की पूजा की। सिंधी समाज की वरिष्ठ सदस्य सरस्वती तोलानी ने बताया कि, थदड़ी पर्व पर शुक्रवार को किसी भी सिंधी परिवार में चूल्हा नहीं जलता, सभी लोग गुरुवार को बनाए गए ठंडे और बासी भोजन का ही आनंद लेते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से साक्षी तोलानी, आरती सचदेव, पूजा लालचंदानी, कविता मंदानी, सरला कारडा, महिमा संतानी, नीलम रामानी, उषा मंगलानी, नीतू गंगवानी, प्रार्थना होतचंदानी, रिया जसूजा, पदमा टेकवानी, रश्मि मंगलानी, मुस्कान संतानी, गीता मंगलानी, ममता मंगलानी, पिंकी तोलानी, भूमि कारडा, खुशबू तोलानी, संगीता तोलानी, नम्रता, शारदा चांदवानी मीना तोलानी, पूजा नथानी, नीतिल टेकवानी, सौम्या मंदानी सहित समाज की महिलाएं विशेष रूप से मौजूद रहीं।

## बहन ने बात करना बंद किया तो भाई का गला रेता, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मस्तूरी पुलिस ने 9 साल के बालक की चाकू से गला रेतकर शरीर के अलग अलग जगहों पर 12 वार करने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी युवक का घायल बालक के बड़ी बहन से दोस्ती थी। बहन ने बात करना बंद किया तो बदला लेने उसके छोटे भाई जान से मारने की कोशिश किया था। ज्ञात हो कि 17 अगस्त को मस्तूरी लिमतरा निवासी सूर्यांश बरगाह पिता महेश बरगाह 9 साल शाम को घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएम, 0506 में एक युवक आया और सूर्यांश को चाकलेट खिलाने के बहाने लिमतरा पुल में ले जाकर चाकू से गला रेता फिर शरीर के अलग अलग जगहों पर 12 वार किया। जिससे सूर्यांश खून से लथपथ होकर बदहवास होकर मरने का नाटक किया और इसी दौरान लोगों को आते देख युवक सूर्यांश को मृत मानकर आनन फानन में अपनी बाइक छोड़कर रेलवे लाइन के किनारे से भाग गया था। बाइक नम्बर के आधार पर टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने स्टाप के साथ मंगलवार को अकलतरा में दबिश देकर पितरसती निवासी अमित कुमार बरगाह को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी का घायल बालक के बड़ी बहन से दोस्ती थी। पिछले कुछ समय से युवती ने उससे बात करना बंद कर दी थी। युवती से बदला लेने के लिए उसके छोटे भाई सूर्यांश पर चाकू से हत्या करने की कोशिश किया था। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।




बैठक में उपस्थित न्यायाधीश।

## मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों को करें निराकृत

**मुंगेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन में नालसा एवं मेडिएशन एंड काउंसिलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी के मार्गदर्शन में 90 दिवसीय राष्ट्र के लिए विशेष मध्यस्थता अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस संबंध में जिला न्यायालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी ने सभी न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अधिक से अधिक लंबित मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से चिन्हांकित कर निराकृत करें। साथ ही, मध्यस्थ अधिवक्ताओं से सक्रिय सहयोग प्रदान कर प्रकरणों के शीघ्र निपटाने में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि, मध्यस्थता एक सशक्त माध्यम है, जिससे न केवल लंबित प्रकरणों का त्वरित निपटारा संभव है, बल्कि समाज में आपसी सौहार्द भी बना रहता है। इस अवसर पर प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीषा ठाकुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की सचिव कंचन लता आचला, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्वेता ठाकुर एवं नारायणी कच्छप, मध्यस्थ अधिवक्ता एच खान एवं रजनीकांत ठाकुर सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## मॉडर्न एंड मॉरल अकादमिक पब्लिक स्कूल में मना आजादी का पर्व

**बिलासपुर।** मॉडर्न एंड मॉरल अकादमिक पब्लिक स्कूल परसदा में स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ, जिसके साथ ही देशभक्ति के गीतों की गूंज ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने अनुशासित मार्च-पास्ट प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर निदेशक प्रेम रंजन सिंह ने अपने संदेश में स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को



अपनाने का आह्वान किया। वहीं, सीईओ केके मिश्रा ने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक एसपी सिंह एवं निदेशक बबली सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सभी शिक्षकों के सहयोग से विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस दिन को विशेष रूप से मनाया।

## बसपा को बड़ा झटका, पूर्व जिला अध्यक्ष ने थामा कांग्रेस का दामन

**मस्तूरी।** बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मरावी ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। विधायक दिलीप लहरिया एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र धींवर ने अशोक मरावी कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद जायसवाल ,भागीरथी पोर्ते, राजू सूर्यवंशी, श्याम कुमार नेताम, धनीदास महंत, छविसेन बंजारे, घनश्याम नेताम, नारायण पटेल, मेघनाथ खांडेकर सहित अनेक कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। अशोक मरावी का कांग्रेस में शामिल होना विधानसभा क्षेत्र और जिला संगठन दोनों के लिए अहम माना जा रहा है। राजनीतिक विशेषज्ञों को मानना है कि, मरावी के



कांग्रेस में आने से पार्टी को ग्रामीण और अनुसूचित जाति वर्ग में मजबूती मिलेगी। वहीं, बसपा के लिए यह एक बड़ा नुकसान साबित हो सकता है, क्योंकि मरावी लंबे समय तक संगठन में सक्रिय रहे, और उनके समर्थक भी अच्छी-खासी संख्या में बताए जाते हैं। इस दौरान विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि, कांग्रेस की विचारधारा और जनता के लिए काम करने का संकल्प ही लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया है कि, मरावी के जुड़ने से विधानसभा में कांग्रेस की ताकत और बढ़ेगी।

***कोरबा।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सुभाष चौक स्थित सार्वजनिक शौचालय का औचक निरीक्षण किया, शौचालय में पानी पर्याप्त उपलब्धता न होने एवं साफ-सफाई का अभाव पाए जाने पर उन्होंने वहां के केयरटेकर को फटकार लगाई तथा उस पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**राजस्व मामले का नोटिस**

क्रमांक /क/ अति.तह./वाचक/2025
बिलासपुर, दिनांक 11.8.2025

एतद् द्वारा श्री सुधा सिंह पति नारायण सिंह शिवम विहार वार्ड नं. 58, निवासी खमतराई को सूचित किया जाता है कि ग्राम खमतराई प.ह.नं.25, तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 883/21 रकबा 0.0120 हे. एकड़ भूमि की अवैध कब्जा के लिए श्री संतोष कुमार दुबे पिता स्व. शत्रुहन प्रसाद दुबे निवासी बिरकोना द्वारा आवेदन किया गया।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 29/8/2025 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 29/8/2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 11/8/2025 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रतनपुर, दिनांक 06/08/2025
रा.प्र.क्र. ....(ब-121/2024-25)
मौजा ग्राम-रतनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोशन कुमार प्रेमी पिता रामेश्वर प्रसाद प्रेमी जाति निवासी ग्राम सिंघरी तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर द्वारा अपने पुत्री काव्या प्रेमी पिता रोशन कुमार का जन्म दिनांक 10-03-2014 को ग्राम रतनपुर में हो जाने के उपरांत कानूनी अज्ञानतावश नगर पालिका परिषद रतनपुर में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13 (3) एवं छत्तीसगढ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9 (3): अन्तर्गत जन्म प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद रतनपुर को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 20/08/2025 को दावा/आपत्ति न्यायालयीन समयावधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-2 बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ :- जिला- बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00032 सरकंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202425400107900360

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00032 के अंतर्गत ग्राम सरकंडा के वर्तमान भूमिस्वामी नाबा. भानुप्रताप वगैरह पिता/पति- पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1087/18 (0.0040) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सगन सिंह पिता/पति-महेश सिंह पता-चांटीडीह बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फ्रौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/09/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-2 बिलासपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/08/2025 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार, उपतहसील सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //

ग्राम सकर्रा तह. सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.
मा.क्र.291

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत लेख है कि विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक श्री नरेन्द्र पाण्डेय इन्सपायर इंडस्ट्रीज प्रा.लि. डायरेक्टर विशाल कुमार जैन निवासी बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम सकर्रा स्थित भूमि ख.नं. 789/2, 790, 788 782/2 रकबा क्रमशः 1.50, 0.18, 082, 0.50 एकड़ अनावेदक के नाम पर दिखा रही है। भूमि ख.न.758/1 रकबा 2.47 एकड एवं भूमि ख.न. 735/6 रकबा 0.80 उकड भूमि का रकबा कम प्रदर्शित हो रहा आवेदक के नाम पर ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त किये जाने हेतु न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ. (रा.) तखतपुर, जिला बिलासपुर में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 115 के तहत प्रकरण प्रस्तुत किया गया है तथा इस न्यायालय को जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। तथा इस ईश्तहार के माध्यम से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 8/9/2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/8/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार सकरी

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**// नोटिस //**

छबिलाल वगैरह बनाम
आई.डी.बी.आई बैंक वगैरह
उत्त.प्र.क्र. -42/2025
आदेश दिनांक 04.08.25
पेशी दिनांक 06.09.25
प्रो. नंबर- 139/25

बनाम:- आम जनता जिसका इससे संबंध हो।
चूंकि आवेदकगणों के द्वारा मृतिका अमरीका बाई पति छबिलाल धुरी के नाम पर अनावेदक क्रमांक के बैंक के खाता हूं 1237104000080273 मे जमा राशि 24,000/- रूपया के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण प्राप्ति बाबत आवेदन पेश किया है, जो इस न्यायालय में सुनवाई हेतु दिनांक 06.09.2025 को नियत है। अतः उक्त के संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति या उजर हो तो वह अपनी आपत्ति मय जवाब पेशी दिनाक 06.09.25 को इस माननीय न्यायालय में उपस्थित होकर अपने समस्त दस्तावेजों सहित पेश स्वयं या अपने प्लीडर के द्वारा जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो, उपसंजात हो सकते हैं। यदि उक्त तिथि को आप अनुपस्थित रहते है तो आवेदन की सुनवाई आपके अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारण वश उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो दावा आवेदन की सुनवाई अगले कार्य दिवस में किया जायेगा।

अतः आज दिनांक 08/08/25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

विजेन्द्र सोनवानी
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी,
बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, अपने मुवक्किल अमन यादव पिता श्री बलराम यादव, निवासी वार्ड नं. 02. कुदुदण्ड बिलासपुर की ओर से अधिकृत एवं उनके निर्देशानुसार निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे मुवक्किल ने विक्रेता एवं भूमि स्वामी रविन्द्र सोनी H.U.F. पिता जैतराम सोनी, निवासी कोनी बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर वाले के नाम, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा कोनी, म.नं. 2, प.ह.नं. 23, रा.नि.मं. कोनी, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 309/3 रकबा 0.2321 हेक्टेयर को क्रय करने का सौदा किया है तथा निकट भविष्य में उक्त भूमि का रजिस्ट्री होना प्रस्तावित है अतएव उक्त भूमि के क्रय-विक्रय संव्यवहार तथा विक्रय पंजीयन में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, निगम, मण्डल, इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा कोई हित-निहित हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज सहित मेरे निम्नांकित पते पर प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी।
सो सूचना जानिए।
दिनांक :- 19/08/2025

भवदीय
(सतीश यादव)
अधिवक्ता
निवास - भारतीय नगर बिलासपुर
मो.नं. 7746004006, 9826526885

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मैं विक्की जॉन अधिवक्ता निवासी-27 खोली जब्बल गली नेहरू नगर बिलासपुर छत्तीसगढ़ का हूं जो कि अपने कार्यार्थ श्री आनंद पोद्दार पिता स्वर्गीय श्यामजी पोद्दार निवासी जब्बल गली, शिवमंगल अपार्टमेंट के पीछे नेहरू नगर बिलासपुर ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर यह आम सूचना का प्रकाशन कराया जा रहा है, कि मेरे उपरोक्त कार्यार्थ द्वारा उषा मिश्रा पति स्व. राम अवतार (आर.के. मिश्रा) निवासी-832 छोटी कोनी वार्ड क्रमांक 11 कोनी बिलासपुर छत्तीसगढ़, आधार कार्ड नंबर-310903127149 के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-कोनी मन 02, हल्का पटवारी नंबर 23 राजस्व निगम कोनी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित खसरा नंबर 204/2 रकबा 0.0200 हेक्टेयर (5 डिसमिल) भूमि को मेरे कार्यार्थ द्वारा खरीदने का पक्का सौदा कर लिया गया है उपरोक्त वर्णित भूमि को मेरे कार्यार्थ के पक्ष में तीन दिवस के भीतर विक्रेता श्रीमती उषा मिश्रा पति स्वर्गीय राम अवतार द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित कर संपूर्ण पंजीकृत प्रतिफल राशि को पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादन के समय प्रदान करेगा। इस कारण उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी संस्थान, निकाय या व्यक्ति को किसी भी प्रकार से दावा आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के पांच (05) दिवस के भीतर मेरे कार्यालय व मेरे कार्यार्थ के पत्ते पर स्वयं या पत्राचार के माध्यम से दस्तावेज सहित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, दावा/ आपत्ति वैध दस्तावेजों पर आधारित होने पर मेरे कार्यार्थ द्वारा इकरारनामा भंग कर विक्रेता से राशि प्राप्त कर लेगा अन्यथा नियत अवधि समाप्ति पश्चात उपरोक्त वर्णित भूमि का पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित कर लेवेगा। जिसके प्रमाण में या आम सूचना प्रकाशित किया जाता है।
दिनांक 19/08/2015

भवदीय
विक्की जॉन, अधिवक्ता
27 खोली, नेहरू नगर बिलासपुर छ.ग.
मो. 9827900780, 7777801377

**आम सूचना का खंडन**

मैं अपने पक्षकारा श्रीमती मंजू लता कश्यप वगै. की तरफ से अधिकृत व निर्देशित होकर प्राची सिंह अधिवक्ता सिविल कोर्ट बिलासपुर द्वारा प्रकाशित आम सूचना दिनांक 18.8.2025 का कुछ अंश अर्थात मौजा मंगला, पटवारी हल्का नंबर 35 रा.नि.मं. सरकंडा तहसील एवं जिला बिलासपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 327 रकबा 0.35 60 हे. खसरा नंबर 28 रकबा 0. 2580 हे. जिसे बंटी कश्यप पिता मिश्रीलाल के नाम पर दर्ज बताया जा रहा है का खंडन/आपत्ति प्रकाशित करता हूं उक्त भूमि के संबंध में वादिनी मेरे पक्षकार गणो के द्वारा व्यवहार वाद वास्ते स्वत्व की घोषणा, स्थाई निषेधाज्ञा, तथा विभाजन पश्चात रिक्त आधिपत्य की आज्ञाप्ति प्राप्ति हेतु प्रस्तुत किया गया है जो न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर के समक्ष लंबित है जिसका प्र.क्र.ए 301/2024 पक्षकार श्रीमती मंजू लता कश्यप एवं अन्य विरुद्ध मिश्रीलाल कश्यप एवं अन्य है उक्त भूमि में मेरे पक्षकार अर्थात वादिनीगणो का हक हिस्सा विद्यमान है वादिनीगणो की पैतृक भूमि है बंटी कश्यप पिता मिश्रीलाल कश्यप प्रतिवादी क्रमांक 3 है फिर भी प्रकरण के लंबन के दौरान अभिषेक एवं मनीष को बेचने का अवैधानिक एवं विधि विरुद्ध इकरारनामा कर आम सूचना प्रकाशन कराया गया है जिसका मेरे पक्षकारगण आपत्ति एवं खंडन करते हैं तथा उक्त प्रकरण के प्रतिवादी क्रमांक 3 बंटी कश्यप व अभिषेक एवं मनीष को अवगत कराते हैं कि उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय में वाद लंबित है इसलिए क्रय विक्रय ना करे।
सो सूचना जाने
दिनांक 19/08/2025

भवदीय
शिवनाथ श्रीवास
अधिवक्ता नोटरी
मो. 9827115359

## खबर संक्षेप

### अरपांचल कल्याण बाग़ वेलफेयर सोसायटी ने किया पौधरोपण



**बिलासपुर।** अरपांचल कल्याण बाग़ वेलफेयर सोसायटी ने स्वतंत्रता दिवस मनाया। मुख्य अतिथि संध्या सरकार एवं विशिष्ट अतिथि जी श्रीनिवास राव ने ध्वजारोहण किया। सोसायटी के अध्यक्ष प्रो हीरालाल शर्मा, उपाध्यक्ष भूषण यादव, दीपक आदित्य, सुदीप दुबे, अशोक वर्मा ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन सुदीप दुबे ने किया। समारोह में दीपक आदित्य, धर्मेन्द्र कुमार साव, गोविन्द राजूलू, श्रीनिवास राव, अजीत सिंह, सुदीप दुबे, दीपक आदित्य आदि ने पौधरोपण कर इसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। पौधरोपण का महत्व बताया।

### जेपी मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल में लगाया गया निःशुल्क जांच शिविर



**बिलासपुर।** जेपी मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों मरीजों को निःशुल्क परामर्श और दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर का आयोजन सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक किया गया। हेमू नगर स्थित जेपी मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल में रविवार को निःशुल्क जांच शिविर लगाया गया। जिसमें जनरल सर्जन डॉ. शंकर चरण बाजपेयी, डॉ. राजकुमार अग्रवाल, डॉ. तोनिषा दास व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उज्जवल कराड़े ने अपनी सहभागिता निभाई। डॉक्टरों की टीम ने मरीजों का निःशुल्क जांच किया तथा उन्हें सेहत से संबंधित परामर्श दिया। शिविर में शहर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के मरीज बड़ी संख्या में पहुंचे। मरीजों को जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया।

### छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने सड़कों के नामकरण को लेकर सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** शहर में सड़कों के नामकरण को लेकर छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने विरोध जताते हुए निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन है। नगर निगम बिलासपुर द्वारा हाल ही में कुछ सड़कों और चौक-चौराहों का नामकरण छत्तीसगढ़ के पुरखों के नाम पर नहीं किए जाने को लेकर छत्तीसगढ़िया समाज लामबंद हो गया है। इसके विरोध में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के नेतृत्व में कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के जिला संयोजक अनिल कुमार पाली, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष ठा. शैलू छत्तीसगढ़िया ने कहा कि जिस प्रकार अन्य राज्यों में वहां के महापुरुषों और पुरखों के नाम पर चौक और सड़क का नामकरण होता है, वैसे ही छत्तीसगढ़ में भी प्राथमिकता के साथ यही परंपरा अपनाई जानी चाहिए। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के जिला उपाध्यक्ष संजू भोयरा ने कहा कि जिसकी सरकार सत्ता में आती है वही छत्तीसगढ़ की अस्मिता के साथ खिलवाड़ करते है। ज्ञापन सौंपने के दौरान छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के पदाधिकारी, छत्तीसगढ़िया समाज के लोग मौजूद रहे और 'छत्तीसगढ़िया पुरखों के सम्मान में ही नामकरण हो' की जोरदार मांग की गई जिसमें विशाल कौशिक, अजय सूर्या, मुकेश यादव, बलराम साहू, रामायण निषाद, सूरज, लोकेश निषाद, पियूष यादव, मनोज कौशिक, कृष्ण यादव, पुनिराम सूर्यवंशी, लोकेंद्र, बॉबी आदि उपस्थित रहें।

## पॉलिटिक्स प्लस

### राजेंद्र शुक्ला का मनाया जन्मदिन



**बिलासपुर।** न्यू जानता हॉस्पिटल के पास शनिवार को राजेंद्र शुक्ला का जन्मदिन मनाया गया। सभी मित्रों और भाइयों ने श्री शुक्ला को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. राजेश यादव, मनोज पाटकर, दिनेश चांदनी, संत सर्वे, अमित यादव, विकास पाटकर, सोनू डहरिया, जयमल सूर्यवंशी, मनीष खोबरगाड़े, राज चौहान, गोलू गढ़ेवाल, कृष्ण लस्कर, विश्व पाटकर, राज पाटकर, करण सूर्या, ऋषभ पाटकर, विवेश पाटकर, यश पाटकर ने शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में दही हांडी का आयोजन भी किया गया था। साथियों ने श्री शुक्ला को जन्मदिन की बधाई दी। केक काटकर सभी ने खुशियां साझा कीं। डॉ. राजेश यादव ने कहा कि राजेंद्र शुक्ला जैसे लोग समाज के लिए प्रेरणा हैं। मनोज पाटकर, दिनेश चाँदनी और संत सर्वे ने भी जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। अंत में श्री शुक्ला ने सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोज के साथ हुआ।

### शिव ने मनाया शुक्ला का जन्म दिन



**बिलासपुर।** पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण व पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला का जन्म दिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसका नेतृत्व नगर पालिका तिफरा संयुक्त महामंत्री शहर कांग्रेस कमेटी बिलासपुर पूर्व अध्यक्ष युवा कांग्रेस धनंजय यादव ने किया। इस अवसर पर दीपक राठौर, रवि साहू, डॉ मणि शंकर शर्मा, डॉ रमाकांत ठाकुर, कमल बख्श आदि मौजूद थे।

---

छाई रही मायूसी

दो दिवसीय स्कूलों की राज्य खेल प्रतियोगिता में शुभारंभ के पहले दिन अव्यवस्था

# राज्य स्तरीय खेल में पानी और मेडिकल को तरस गए खिलाड़ी



**बिलासपुर।** दो दिवसीय एकलव्य स्कूलों की राज्य खेल प्रतियोगिता में शुभारंभ के पहले दिन ही भारी अव्यवस्था दिखाई दी। इस दौरान खेल ग्राउंड में प्रदेश के दूसरे जिले से प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे खिलाड़ियों को पानी के साथ मेडिकल की सुविधा के लिए भी तरसना पड़ गया।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की दो दिवसीय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को शुरु किया गया। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित प्रतियोगिता में करीब 2 हजार से अधिक बालक-बालिका खिलाड़ियों के अलावा अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए, जिसमें व्यक्तिगत और सामूहिक मिलाकर 20 खेलों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। व्यक्तिगत प्रतियोगिता के अंतर्गत 13 खेल एवं सामूहिक के अंतर्गत सात खेल शामिल किए गए। व्यक्तिगत प्रतियोगिता में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, जूडो, ताइक्वांडो, वेट लिफ्टिंग, कुश्ती, फ्री स्टाईल, योग, शतरंज, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, टेनिस, तैराकी और बाक्सिंग के अतिरिक्त सामूहिक खेल में हॉकी, कबड्डी, बास्केटबॉल, फुटबाल, हैंडबाल, खो-खो तथा वालीबाल की प्रतियोगिता का आयोजन पिंक स्टेडियम गांधी चौक, बिलासा कॉलेज ग्राउंड, संजय तरण पुष्कर, रेलवे के बाक्सिंग ग्राउंड, पुलिस मैदान, साइंस कालेज में किया गया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए खिलाड़ियों के अलावा कोच मैनेजर भी समय पर पहुंच गए। इस दौरान बच्चे खेलते-खेलते थक गए और उन्हें प्यास लगने लगी।

बच्चों के साथ आफिशियल के लिए आर्चरी ग्राउंड, पुलिस मैदान के हैंडबाल ग्राउंड में पानी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें प्यासे ही खेलना पड़ा। इसी तरह हॉकी ग्राउंड में खेल के दौरान कई बच्चों को चोट भी लगी, लेकिन उस स्थान पर भी मेडिकल की कोई भी सुविधा विभाग की ओर से नहीं की गई थी। संजय तरण पुष्कर में सबसे बुरी हालत रही, जिस स्वीमिंग पूल में बच्चे तैराकी कर रहे थे वहां पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें स्वीमिंग पूल का पानी पीने को मजबूर होना पड़ गया।

#### नहीं दिया गया नाश्ता

मंगलवार से आयोजित खेल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए कई खिलाड़ियों के साथ उनके कोच मैनेजर भी एक दिन पहले पहुंच गए थे। महिला और पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों के लिए शहर के अलग-अलग छात्रावासों में रूकने की व्यवस्था की गई थी। सुबह जब खिलाड़ी और कोच-मैनेजर नाश्ते के लिए पहुंचे तो उन्हें खाने को भी कुछ नहीं मिल सका।

#### बाद में की गई व्यवस्था

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का पहला दिन था, जिसमें शुरुआत में कहीं-कहीं पानी और मेडिकल की व्यवस्था करने में समय लग गया। जहां-जहां से डिमांड पहुंची वहां तत्काल पानी व अन्य मेडिकल की व्यवस्था करा दी गई। इसके अलावा नर्स की व्यवस्था भी की गई थी, ताकि किसी भी बच्चों को कोई परेशानी न हो।

**-प्रकाश लहरे**, सहायक आयुक्त, आदिवासी विभाग

---

पुरानी डिग्रियों पर हस्ताक्षर कर रहे नए कुलपति, विद्यार्थियों के घर भेजी जाएगी डिग्री

# ओपन विवि में प्रभारी कुलपति ने नहीं किए हस्ताक्षर, दो सौ से अधिक डिग्रियां पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में दो सौ से अधिक पुरानी डिग्रियों की पेंडेंसी बनी हुई है। ये डिग्री प्रिंट होकर आ गए थे, किन्तु प्रभारी कुलपतियों ने इन डिग्रियों पर हस्ताक्षर नहीं किए। अब यूनिवर्सिटी में नए कुलपति प्रो. वीके सारस्वत इन डिग्रियों को निपटाने में लगे हुए हैं और कुलपति के हस्ताक्षर के बाद इन डिग्रियों को विद्यार्थियों के घर के पते पर भेजा जाएगा।

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में पिछले कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह का कार्यकाल मार्च माह में समाप्त हो गया था और तब से बिलासपुर संभागायुक्त को ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति का प्रभार सौंपा गया था। इस बीच बिलासपुर में जो भी संभागायुक्त रहें उनके पास ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार रहा। लेकिन प्रभारी कुलपतियों ने पुरानी डिग्रियों पर हस्ताक्षर नहीं किए। क्योंकि लगभग दो सौ से अधिक विभिन्न संकायों की पुरानी डिग्रियां पिछले दीक्षांत समारोह के समय नहीं बंट पाई थी। ये डिग्रियां बाद में प्रिंट होकर आई थी इसलिए प्रभारी कुलपतियों ने इन डिग्रियों पर हाथ डालना ठीक नहीं समझा। इस तरह यूनिवर्सिटी में नए कुलपति की नियुक्ति का इंतजार किया जा रहा था। प्रो. वीके सारस्वत की पिछले माह ही ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति पद पर राजभवन से नियुक्ति हुई है। प्रो. सारस्वत ने यूनिवर्सिटी में कुलपति का कार्यभार ग्रहण कर काम भी शुरू कर दिया है। यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने नए कुलपति को पुरानी डिग्रियों की जानकारी दो तो वे उन डिग्रियों पर निराकरण के लिए तैयार हो गए और अब कुलपति प्रो. सारस्वत द्वारा उन डिग्रियों पर हस्ताक्षर किए जा रहे हैं। इसके बाद ये सभी डिग्रियां संबंधित विद्यार्थियों के घर के पते पर भेज दिया जाएगा।

#### विद्यार्थियों के घर भेजा जाएगा डिग्री

पिछले साल दीक्षांत समारोह में कुछ डिग्रियां नहीं बट पाई थी। ये डिग्रियां बाद में प्रिंट होकर आई थी। उसी बीच कुलपति का कार्यकाल समाप्त हो गया और प्रभारी कुलपति के समय हस्ताक्षर नहीं हो पाएं थे, उन डिग्रियों पर अब नए कुलपति के हस्ताक्षर पश्चात विद्यार्थियों के घर के पते पर भेजा जाएगा।

**-भुवन सिंह राज**, रजिस्ट्रार, ओपन यूनिवर्सिटी

#### ई-मेल से शिकायतों की व्यवस्था शुरू

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी का कार्यक्षेत्र पूरे छत्तीसगढ़ में है और प्रदेश में ओपन यूनिवर्सिटी के 7 रिजनल सेंटर सहित 147 स्टडी सेंटर हैं। इन सेंटरों के अंतर्गत दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से ओपन यूनिवर्सिटी में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को अभी कोई भी काम पड़ने पर अपने क्षेत्र के सेंटर जाना पड़ता है और वहां काम नहीं होने पर बिलासपुर ओपन यूनिवर्सिटी आना पड़ता है। ओपन यूनिवर्सिटी आना काफी दूर पड़ता है और छात्र-छात्राओं का पूरा एक या दो दिन लग जाता है, इसलिए छात्र-छात्राओं की इस परेशानी को ध्यान में रखते हुए ओपन यूनिवर्सिटी के नवनियुक्त कुलपति प्रो. सारस्वत ने नई व्यवस्था लागू की है। उन्होंने यूनिवर्सिटी की ओर से एक ई-मेल एड्रेस ई-मेल गवर्नेंस एटदरेट पीएसएसओयू. एसी. इन जारी किया है। इस ई-मेल पर कोई भी छात्र-छात्रा अपनी समस्या सीधे कुलपति को भेज सकते हैं। कुलपति द्वारा उनकी समस्या को संबंधित विभाग को भेजा जाएगा और 15 दिनों के भीतर निराकरण कर ई-मेल से ही छात्र-छात्राओं को उसकी सूचना दे दी जाएगी।

---

## ईवीएम में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण



**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मन्दिर सैनिक स्कूल में 19 अगस्त को छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एनसीसी अधिकारी डॉ. अर्चना पाण्डेय थीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. अर्चना ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रभारी प्राचार्या मौसमी चौधरी ने उनका स्वागत किया। विद्यालय के निदेशक एस के जना स्वामी ने कहा कि आज का यह अवसर अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि सभी नवनिर्वाचित काउंसिल सदस्य अपने जीवन की नई जिम्मेदारी का आरंभ कर रहे हैं। शपथ केवल शब्द नहीं है, बल्कि यह आपके कर्तव्य, ईमानदारी और अनुशासन का प्रतीक है। मैं आशा करता हूँ कि आप सभी अपने दायित्वों का पालन करते हुए विद्यालय की प्रतिष्ठा को ऊँचाइयों तक पहुचाएँगे। मुख्य अतिथि डॉ अर्चना पाण्डेय ने छात्रों को पद एवं कर्तव्य की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा विद्यालय परिषद विद्यार्थियों में नेतृत्व, उत्तरदायित्व और अनुशासन की भावना को विकसित करने का सर्वोत्तम माध्यम है।

नव निर्वाचित हेड गर्ल दिव्या श्रीवास ने कहा कि मैं विद्यालय में सम्मान और जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा दूँगी। मुख्य अतिथि डॉ अर्चना ने नव निर्वाचित छात्रों को 'पासिंग ऑफ केंडल' के द्वारा यह संदेश दिया कि नेतृत्व की ज्योति कभी बुझती नहीं, यह केवल एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक सौंपी जाती है। आज का यह क्षण हमारे विद्यालय की परंपरा और निरंतरता का प्रतीक है। विद्यालय के चेयरमेन डॉ अजय श्रीवास्तव ने कहा कि मैं आप सभी से अपेक्षा करता हूँ कि आप न केवल विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करेंगे बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणा बनेंगे। आज आप जो शपथ ले रहे हैं, वही आपके भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी। कार्यक्रम का संचालन पूर्वी अग्रवाल और शिविका शुक्ला ने किया।

---

## नेलकटर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** स्कूल में विवाद होने पर कक्षा नवमीं के तीन नाबालिग छात्रों ने कक्षा बारहवीं के दो छात्रों के साथ मारपीट कर नेलकटर चाकू से हमला कर दिया है। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, क्षेत्र के एक स्कूल में कक्षा नवमीं व कक्षा बारहवीं के छात्र के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर कक्षा नवमीं के तीन नाबालिग छात्रों ने कक्षा बारहवीं के दो छात्रों के साथ मारपीट करते हुए नेलकटर चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर हमलावरों पर किशारे न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का संघर्ष जारी रहेगा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय प्रवक्ता जीआर चंद्रा और प्रांतीय संगठन मंत्री रोहित तिवारी ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर हमारा संघर्ष जारी है।

छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन राज्य के लाखों शासकीय सेवकों की आवाज है। वर्तमान में फेडरेशन मोदी की गारंटी के आधार पर प्रस्तुत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलनरत है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत खेदजनक है कि सरकार ने हमारी मांगों पर अब तक कोई सार्थक चर्चा या संवाद नहीं की है न कोई आमंत्रण, न ही कोई समाधान की पहल। यह स्थिति कर्मचारियों के साथ अन्याय और उपेक्षा का प्रतीक है। ऐसे में यह स्पष्ट करंना आवश्यक है कि फेडरेशन का आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक हमारी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता। हमारी एकता ही हमारी ताकत है। उन्होंने कहा कि 22 अगस्त के आंदोलन को ऐतिहासिक बनाएँ और सरकार को मजबूर करें कि वह कर्मचारियों की आवाज सुने।

## डायबिटीज की रोकथाम से मुक्ति पाने प्राकृतिक उपाय कारगर: डा. गौतम





**बिलासपुर।** रविवार को शहर के मीडिया बंधुओं के लिए मोटापा एवं डायबिटीज की रोकथाम एवं मुक्ति के प्राकृतिक तरीकों को बताने के लिए विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे सान साइन हास्पिटल के डा. राजेश सिंह गौतम ने बताया कि उनके 80% किडनी मरीज डायबिटीज के मरीज ही होते हैं। अगर हम अपने खाने - पीने और रहन - सहन को सुधार लें तो डायबिटीज और ओबेसिटी से काफी हद तक निजात पा सकते हैं।जिससे कि किडनी की बीमारी से भी बच सकते हैं। उन्होंने बताया कि आज की भागदौड़ जिंदगी और खान पान से लोगों में शुगर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आज स्थिति यह है कि बीपी, शुगर के मरीज हर घर में मिल रहे हैं। अस्पतालों में गोष्ठी में शहर के लगभग 30 मीडिया बंधु मौजूद थे। जिनके प्रश्न का जवाब भी उन्होंने दिए। उन्होंने बताया कि इस तरह का आयोजन कर हम लोगों में काफी हद तक इस बीमारी से के प्रति जागरुक कर बचा सकते हैं। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने इसका लाभ उठाने का संकल्प लिया।

## रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप के साथ आगे बढ़ेगा गौ संरक्षण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने गौ संरक्षण का बीड़ा उठाया है। अपने अनुज स्व.अजय की याद में विजय ने गौ संरक्षण के साथ ही उनके भोजन की व्यवस्था का संकल्प लिया है।

कोरोना त्रासदी में भाई को खो देने वाले विजय ने उनकी यादों को संजोये रखने का निर्णय लिया है। गौ संरक्षण के पुनीत कार्य की शुरुआत उन्होंने तिफरा के बछेरा तालाब से कांवर यात्रा के साथ की है। नर्मदानगर स्थित आवास में बीते दो दिनों से वाराणसी के आचार्यों की अगुवाई में महामृत्युंजय जाप के साथ ही प्रतिदिन रुद्राभिषेक हो रहा है। विजय कहते हैं कि कांग्रेस और कांग्रेसजन परिवार से कम नहीं लिहाजा उनके हर अभियान में कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस के साथियों का सहयोग तो रहना ही। उनका संबल ही तो सबसे बड़ी ताकत है। गौ संरक्षण के इस अभियान में युवाओं की सहभागिता सबसे ज्यादा जरुरी है। भावी पीढ़ी को इस दिशा में आगे लाने का मतलब सनातन परंपरा को आगे बढ़ाना है। संकल्प के साथ इसे आगे बढ़ाने का काम प्रारंभ हो गया है। मोपका में गौ माता की आरती और संरक्षण के संकल्प के बाद गोवंश की सुरक्षा के लिए तिफरा के तालाब से कांवर यात्रा की थी।



#### तीर्थ यात्रा के बाद अब रुद्राभिषेक

विजय परिवार सहित तीर्थ यात्रा पर गए थे।बाबा अमरनाथ, बाबा बैजनाथ धाम, बाबा काशी विश्वनाथ, बाबा नीम करौली, संकट मोचन हनुमान मंदिर काशी की यात्रा से लोटने के बाद निवास में काशी के विद्वान पंडितों के द्वारा रुद्राभिषेक व महामृत्युंजय जाप किया जा रहा है।

#### एक रोटी गौ माता के नाम अभियान की शुरुआत

गौमाता के संरक्षण का पूरा भार भावी पीढ़ी अपने कंधों पर ले, इसके लिए स्कूली बच्चों के मन में यह बात बैठानी होगी कि सनातनी परंपरा को आगे बढ़ाना है तो गौ माता की सुरक्षा के साथ ही उसके भोजन की भी चिंता हमें ही करनी होगी। पालकों से हम अपील करेंगे कि स्कूली बच्चों के टिफिन में एक रोटी या जो भी कुछ भी घर की माताएं बच्चों को टिफिन में देती हैं गौ माता का हिस्सा जरुर रखें। हर बच्चा हो सके तो घर केआसपास विचरण करने वाली गौ माता को ग्रास खिलाए और फिर अध्ययन अध्यापन के लिए विद्यालय की ओर कदम बढ़ाए।

## सामाजिक संगठन में रचनात्मक कार्यों का महत्वपूर्ण योगदान : जशवंत



**बिलासपुर।** किसी भी सामाजिक संगठन द्वारा किए जा रहे रचनात्मक कार्य ही समाज की नींव को मजबूत करता है क्योंकि रचनात्मक कार्यों में देखा जाता है कि प्रायः तीन नियम होते हैं जिनमें अनुपालन, अनुरूपता और आज्ञाकारिता।

यह बातें यादव समाज कल्याण समिति द्वारा श्रीकृष्णधाम यादव भवन ईमलीपारा में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर समाज के अध्यक्ष जशवंत यादव ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज यादव समाज सभी क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे जो विभिन्न प्रकार के प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होते हैं उन्हें यादव समाज कल्याण समिति की ओर से यथासंभव सहयोग किया जाएगा। मुख्य अतिथि इंजी. रामलाल यादव ने शुभकामनाएं दी। अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर रामशरण यादव ने सामाजिक एकता के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। यादव भवन के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर इसे सुव्यवस्थित करने कहा। विशिष्ट अतिथि डॉ. कालीचरण यादव, सतीकुमार यादव, विष्णु यादव, दुर्गेश यदु, धन्नू यादव ने भी संबोधित किया।

#### प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

इस अवसर पर दुर्गा यादव, प्रमोद यादव, रामकुमार यादव, कीर्ति यादव, विजय यादव, लक्ष्मी यादव, उमाशंकर यादव, संतोष यादव एवं प्रहलाद यादव का सम्मान किया गया। राधाकृष्ण बनो स्पर्धा में प्रथम सार्थक यादव, द्वितीय अदिती यादव, तृतीय देवांश यादव, सांत्वना- वैष्णवी यादव, शिवांश यादव, दिव्यांशी यादव, अंशिका यादव, दिव्यांश यादव, सेजल यादव। नृत्य स्पर्धा में प्रथम वैष्णवी यादव, द्वितीय शेजल यादव, तृतीय आर्या यादव, महिला कुर्सी दौड़ में प्रथम सुधा यादव, द्वितीय रेखा यादव, तृतीय नंदिनि यादव, बालिका कुर्सी दौड़ में शेजल यादव, द्वितीय सुश्री दुर्गा यादव, तृतीय सुश्री दीपा यादव, निबंध में प्रथम दीक्षा यादव, द्वितीय स्नेहा यादव, तृतीय आयुष यादव का सम्मान किया गया।। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेन्द्र यादव, चन्द्रिका यादव, कीर्ति यादव, रामजी यादव, रामकुमार यादव, नन्हे यादव, उमेंद यादव विजय यादव, प्रेमलाल यादव, डॉ. शंकर यादव, रामचरण यादव, तेरस यादव, भरत यादव, आदि का सहयोग रहा।



## खबर संक्षेप

### गाज गिरने से दो महिलाओं की मौत, 4 झुलसे

**बिलासपुर।** खेत में काम करने के बाद तेज बारिश के साथ गाज गिरने से 2 महिलाओं की मौत हो गई है। वहीं 4 महिलाएं झुलस गए है। उन्हें इलाज के लिए बिल्हा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया, मंगलवार की शाम ग्राम कुंवापाली की महिलाएं खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। सभी महिलाएं बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे जाकर खड़े हो गई। इसी दौरान तेज गड़गड़ाहट के बाद पेड़ में गाज गिरने से सभी महिलाएं गंभीर रूप से झूलस गई। बारिश बंद होने पर गांव के लोग उस ओर गए तब सभी महिलाएं झुलसे हुए कहर रही थी। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के द्वारा महिलाओं को इलाज के लिए बिल्हा अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद कुंवापाली निवासी सौम्या नेती पति सतेश्वर नेती 33 साल, सुरेखा नेती पति जीवराखन 45 साल को मृत घोषित कर दिया। वहीं दरस बाई कोर्राम पति अर्जून कोर्राम 45 साल, गीता बाई पति स्व. बुधराम गोंड़ 50 साल, कुंवरमति नेती पति स्व. झूल नेती 60 साल, पार्वती यादव पति रूप नारायण यादव का इलाज चल रहा है।

### दो बाइक में भिड़ंत एक की मौत, चक्काजाम

**बिलासपुर।** दो बाइक के बीच जबरदस्त भिड़ंत होने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा मुआवजा राशि की मांग कर चक्काजाम कर दिया गया है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, सरगवा निवासी बंशी मधुकर पिता रामखिलावन मधुकर 35 साल मंगलवार की शाम 7.30 बजे बाइक से जा रहे थे। परसदा बस स्टैण्ड के पास एक अन्य बाइक सवार ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बंशी की बाइक को टक्कर मार दिया। हादसे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को लेकर मस्तूरी स्वास्थ केंद्र लेकर गई। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद बंशी मुधकर को मृत घोषित कर दिया है। इधर हाइसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा राशि की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। जिससे दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। देर रात तक चक्काजाम चलता रहा है।

### चाकू लहराते 3 बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कोतवाली पुलिस को सूचना मिली रिवरव्यू, शनिचरी रपटा, रविदास चौक में बदमाश चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहे है। पुलिस ने तीनों जगहों में दबिश देकर कमलेश साहू पिता अंजोरी राम साहू 28 साल टिपरीपारा सीपत, दुर्गेश उर्फ प्रिंस यादव पिता स्व. छब्बीलाल यादव 27 साल एसबीआई कालेज कुदूदण्ड, सत्यराज बक्सरे पिता गोविंद बक्सरे 28 साल रविदास चौक करबला निवासी को पकड़कर तीन नग चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### शादी करने से इनकार छात्र गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी करने का झांसा देकर युवती से अनाचार कर गर्भपात कराने के बाद शादी करने से इनकार करने वाले छात्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, दूसरे जिले में रहने वाली एक युवती पोस्टमास्टर है। जशपुर कांसाबेल नारायणबल्ली निवासी मनीष कुमार साहू उर्फ सूरज पिता मानेश्वर साहू 23 साल का पोस्टआफिस आना जाना था। जिससे दोनों के बीच जान पहचान हो गई। मनीष कुमार साहू उर्फ सूरज सरकण्डा अशोकनगर में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था। उसने युवती घूमाने के लिए सरकण्डा किराए के मकान में लेकर आया और शादी कर झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद समय समय पर युवती को अपने किराए के मकान में लाकर शारीरिक संबंध लगा। इसी बीच युवती गर्भवती हो गई। जानकारी होने पर युवक ने अपने किराए के मकान में गोली खिलाकर गर्भपात कराया। उसके बाद शादी करने के इनकार कर दिया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर धारा 376 के तहत मीनष कुमार साहू को गिरफ्तार कर लिया है।

**खंगाले गए जमीन के दस्तावेज** | उच्च स्तरीय कार्रवाई के लिए भेजी गई जांच रिपोर्ट

# महर्षि विवि द्वारा की गई जमीन की बिक्री, शिकायत की जांच करने रायपुर से पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विश्वविद्यालय की स्थापना के नाम पर महर्षि विश्वविद्यालय द्वारा शासन से प्राप्त भूमि की बिक्री करने संबंधी शिकायत की जांच करने रायपुर से टीम पहुंची। इस दौरान तहसीलदार तखतपुर की उपस्थिति में विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाली सभी जमीनों के दस्तावेजों की जांच की गई। तीन सदस्यीय जांच दल के द्वारा जांच रिपोर्ट तैयार कर अगली कार्यवाही के लिए शासन को प्रस्तुत कर दी गई है।

महर्षि विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के नाम पर प्राप्त की गई जमीन की बिक्री करने संबंधी शिकायत की जांच करने रायपुर से टीम आई थी। तीन सदस्यीय जांच टीम में निजी विश्वविद्यालय आयोग के सदस्य डा. दुबे, उच्चशिक्षा विभाग के रिटायर्ड एडिशनल डायरेक्टर व प्राचार्य डा. बीएल गोयल एवं तखतपुर तहसीलदार पंकज सिंह शामिल थे। टीम द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन की मंगला व बहतराई स्थित जमीनों के दस्तावेजों की जांच की गई।




सूत्रों के अनुसार विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय की कुछ जमीन की बिक्री करना पाया गया है। इस संबंध में डा. बीएल गोयल ने बताया कि मामले की जांच के अंतर्गत विश्वविद्यालय की सभी जमीनों के रिकार्डों की जांच राजस्व विभाग द्वारा की गई है। इसके अंतर्गत अगली कार्यवाही के लिए विस्तृत जांच रिपोर्ट शासन को रिपोर्ट सौंप दी गई है।

### यह है पूरा मामला

यूनिवर्सिटी प्रशासन के विरूद्ध राजस्व मंत्री एवं मंत्रालय में की गई विभिन्न शिकायतों में मुख्य शिकायत जमीन की बिक्री थी। शिकायत में कहा गया है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा शासन से यूनिवर्सिटी की स्थापना करने के नाम पर जमीन प्राप्त की गई और उसकी बिक्री भी कर दी गई। इस संबंध में यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि जमीन की बिक्री की गई है, लेकिन यह किसी भी तरह की शासन द्वारा दी गई जमीन न होकर, राजस्व रिकार्ड में दर्ज निजी जमीन है। यूनिवर्सिटी एक्ट के नियमों के अनुसार यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए 25 एकड़ भूमि की उपलब्धता अनिवार्य है, जबकि महर्षि यूनिवर्सिटी प्रशासन के पास 31 एकड़ भूमि उपलब्ध है, जिससे स्पष्ट है कि यूनिवर्सिटी एक्ट के नियमों में कोई भी उल्लंघन नहीं हुआ है।

### रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई

महर्षि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नियम विरूद्ध विश्वविद्यालय की जमीन बिक्री करने संबंधी शिकायत तीन-चार महीने पहले राजस्व मंत्री से की गई थी। इस संबंध में जांच के लिए दो सदस्य रायपुर से आए थे। चूंकि शिकायत जमीन से संबंधित थी इसलिए जमीन से जुड़े दस्तावेजों की जांच के लिए मुझे भी टीम में शामिल किया गया था। विश्वविद्यालय की सभी जमीनों के दस्तावेजों की जांच कर रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है।

**-पंकज सिंह,** तहसीलदार तखतपुर

शेयर मार्केट के नाम पर 3 करोड़ 22 लाख की ठगी

# निवेश के नाम पर ठगी, पुलिस बनी तमाशबीन, लालच में फंस रहें हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शेयर मार्केट के नाम पर 3 करोड़ 22 लाख की ठगी कर ली गई। तारबहार पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, लिंगियाडीह दिव्य माउंट अपार्टमेंट निवासी संजय डे ने रिपोर्ट लिखाई है कि उनकी पहचान 2022 में कवर्धा राजमहल चौक मठपारा निवासी धर्मेश कुमार ध्रुर्वे, यतींद्र ध्रर्वे, हर्षिता शर्मा से हुई थी। धर्मेश अपने साथियों को लेकर शहर आया। बताया गया कि डीवाईपी धुर्वे ब्रदर्स के नाम से कंपनी चला रहे है। इसमें निवेश करने वालों हर महीने 10 प्रतिशत लाभ, 13 महीने के बाद मूल रकम वापस कर दी जाती है। उसके भरोसे में आकर संजय डे और उसके साथियों ने नकद व आनलाइन के माध्यम से रुपए निवेश कर दिया। कंपनी का आफिस लिंक रोड नारायण प्लाजा में खोला गया था। रुपए निवेश करने के बाद जब मासिक लाभ मांगे गए तो गोलमोल जवाब दिया गया। निवेशकों ने दबाव बनाया तो कहा गया उनकी रकम को कहीं निवेश नहीं किया गया है। बाद में वह मोबाइल बंदकर भाग गया। उनके झांसे में आकर निवेशकों ने कंपनी में 3 करोड़ 22 लाख रुपए जमा किया था। पुलिस ने संजय डे की रिपोर्ट पर धर्मेश कुमार ध्रुर्वे, यतीन्द्र ध्रुर्वे, हषिता शर्मा के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



### किसने कितना रकम निवेश किया

संजय डे ने 24 लाख 50 हजार, कैलास देवांगन ने 10 लाख, रितेश दामले ने 15 लाख, सोमा डे ने 23 लाख 60 हजार, कुमारी आर्ची डे ने 20 लाख, चित्रकांत साहू ने 40 लाख, सारांश देवागन ने 67 लाख, असीम रंजन साहा ने 7 लाख 50 हजार, अभिमन्यू विश्वकर्मा ने 54 लाख, मंजू पटेल से 25 लाख, अंकना घोष से 5 लाख 50 हजार, पल्लव धर ने 19 लाख 50 हजार, दानिश अंसारी ने 10 लाख 50 हजार रुपए निवेश किया था।

### रिटायर्ड बैक अधिकारी से 1लाख 43 हजार की ठगी

तारबाहर पुलिस के अनुसार, विनोबानगर में रहने वाले रिटायर्ड बैंक अधिकारी पेंशन की राशि आने वाले बैंक खाते में क्रेडिट कार्ड लेने के लिए अप्लाई किए थे। इसी दौरान उनके पास अनजान मोबाइल नम्बर से फोन आया ओर उन्हें आनलाइन एक फार्म भरने को कहा गया। उन्होने फार्म भरने से मना कर दिया। उसके बाद भी उनके बैंक खाते से 1 लाख 43 हजार रुपए दूसरे के बैंक खाते में ट्रांसफर हो गया है। साइबर सेल की मदद से मात्र 22 हजार रुपए होल्ड करा लिया गया है। पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ बीएनएस की 318, 4 व 66 आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## ई एक्स बीट में हर महीने 15 फीसदी मुनाफे का झांसा, 2 करोड़ की ठगी

ई एक्स बीट कंपनी में निवेश करने पर मोटी रकम मुनाफा कमाने का झांसा देकर 2 करोड़ रुपए ठगी कर ली गई। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले में राऊरकेला निवासी मनोज शर्मा पिता वशिष्ठ शर्मा उम्र 37 वर्ष और रायपुर निवासी पप्पू कुमार पिता विश्वनाथ राम उम्र 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

सिटी कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया कि राजनांदगांव डोंगरगांव सेवतापारा निवासी व्यवसायी लोकेश्वर साहू पिता सुभेराम साहू 43 साल व उनके परिचित राजिम निवासी गोपेंद्र साहू यू बिट ट्रेडिंग कंपनी से जुड़े थे। यहां पप्पू कुमार सिंह और हेमंत कुमार ठाकुर एजेंट थे। पहले निवेश करने पर कुछ मुनाफा मिल रहा था। एजेंटों ने उन्हें नई कंपनी ई एक्स बिट के बारे में जानकारी दी। जिसका संचालन रामबिलास पटेल करता था।

### नए निवेशकों को जोड़ने पर कमीशन

कंपनी के संचालक और एजेंट ने हर महीन 15 प्रतिशत मुनाफा और नए निवेशकों को जोड़ने पर दो से सात प्रतिशत कमीशन देने का लालच दिया।



इसी दौरान पप्पू सिंह ने पुलिस को बताया कि ई एक्स बिट कंपनी का संचालक राम बिलास पटेल बेबीलोन होटल रायपुर आने वाला है। एजेंटों ने उन्हें होटल में संचालक से मिलवाया। संचालक पटेल ने उन्हें एजेंटों के द्वारा बताए गए कंपनी के लाभ के बारे में बताया। उनकी बातों में आकर उन्होंने शिव टाकिज चौक स्थित जीत होटल में 13 जनवरी 2025 को एक मीटिंग की। जिसमें उनका दोस्त गोपेन्द्र साहू, मोहित वर्मा, चंद्रप्रकाश साहू, रमेश कुमार साहू, संतोष कुमार साहू भी थे। उनकी बातों में आकर लोकेश्वर सिंह ने 1 लाख रुपए फिर-अलग अलग किश्तों में 1.25 लाख रुपए जमा किए। इसी तरह अलग अलग होटलों में उनके द्वारा कुल 25 लाख 75 हजार रुपए एजेंटों को दिया गया है। उनके मित्र गोपेन्द्र साहू ने भी 45 लाख रुपए निवेश किया है।

### अपने परिचितों से भी निवेश करा दिया

एजेंटों की बातों में आकर लोकेश्वर साहू ने अपने परिचितों से निवेश करा दिया। इस तरह से कुल 2 करोड़ 1 लाख रुपए निवेश कराया गया था। कुछ समय तक सभी को लाभ देने के बाद कंपनी का संचालक और एजेंट भाग गए और मोबाइल बंद कर दिया। पीड़ितों के द्वारा खोजबीन की गई। नहीं मिलने पर उन्हें ठगी के शिकार होने का अहसास हुआ। पुलिस ने लोकेश्वर सिंह की रिपोर्ट पर रामबिलास पटेल कंपनी के संचालक हेमंत सिंह ठाकुर, पप्पू सिंह ठाकुर, मनोज कुमार शर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# हाईकोर्ट ने पूछा-अधिकारियों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- पेंडीडीह बाइपास में होटल और दुकानों पर वाहनों के जमावड़े पर भी कार्रवाई के निर्देश

सड़कों पर आवारा पशुओं के मामले में पेश जनहित याचिका पर मंगलवार को चीफ जस्टिस की डीविजन बेंच ने सुनवाई करते हुए मुख्य सचिव को शपथपत्र में यह बताने के निर्देश दिए हैं कि, जिम्मेदार अफसरों पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है। पेंडीडीह बाइपास में होटल और दुकानों पर वाहनों के जमावड़े पर आपत्ति करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

इससे पहले संजय रजक ने एडवोकेट सुनील ओट्वानी के माध्यम से एक जनहित याचिका दायर की थी। इसमे कहा गया था कि, मुख्य मार्गों और शहर की आम सड़कों पर पशुओं को खुला छोड़ दिया जाता है इनकी वजह से कई बार दुर्घटना हो जाती है। नेशनल हाइवे पर सबसे ज्यादा खतरनाक स्थिति होती है। यहां अन्धकार में सड़कों पर बैठे जानवरों से बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें मवेशियों के साथ ही लोगों की भी मौत हुई है। इस पर सरकार का कोई नियन्त्रण ही नहीं है। इस पर रोकथाम के लिए भी कुछ नहीं किया गया है। प्रकरण में पहले सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने सारे नगर निगमों के अधिकारियों को तलब किया था। पूर्व में हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने आवारा मवेशियों की संख्या पूछते हुए यह निर्देश भी दिया कि शासन मवेशियों को हटाने के लिए चरवाहों का इंतजाम करे और जवाबदार मालिकों पर पेनाल्टी लगाए।



सड़कों पर आवारा पशुओं का मामला

### नगर पंचायत रतनपुर भी बनेगा पक्षकार

इसी जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पेंडीडीह बायपास पर होटलों और दुकानों के बाहर वाहनों की भीड़ को लेकर भी कोर्ट ने प्रशासन से जवाब तलब किया। मंगलवार को कोर्ट ने शासन से यह पूछा कि पहले जब बायपास रोड और एनएच पर वाहनों के बेतरतीब जमावड़े पर कार्रवाई का जो निर्देश दिया गया था उस पर जवाबदार अफसरों ने अब तक क्या किया है। इसके बाद आज चीफ जस्टिस ने मुख्य सचिव को शपथपत्र पर यह बताने के निर्देश दिए कि, जिम्मेदार अफसरों पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार कोर्ट ने रतनपुर रोड पर मवेशियों का जमावड़ा होने के कारण वाहनों की चपेट में आकर उनकी मौत होने पर नगर पंचायत रतनपुर को भी इस याचिका में पक्षकार बनाने के निर्देश दिए।

## चखना दुकानों पर कार्रवाई, गंदगी प्लास्टिक उपयोग पर 2 लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 7 जोन क्षेत्रों में एक साथ की गई कार्रवाई

शहर में संचालित सभी अहाता दुकानों पर नगर निगम ने आज एक साथ धावा बोला। शराब दुकानों पर स्थित अहाता सेंटर में गंदगी फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग करने पर नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए अहाता दुकानों से 2 लाख 9 हजार 500 रुपए जुर्माना वसूला।

दरअसल शहर में संचालित देशी एवं विदेशी शराब की दुकानों में अहाता सेंटर भी संचालित है,जहां बड़ी संख्या में शराब प्रेमी पहुंचते है। इन दुकानों में स्वच्छता का लेकर लापरवाही बरती जा रही है,संचालकों द्वारा फूड वेस्ट समेत अन्य अपशिष्ट पदार्थों को सड़क और आसपास फेंक दिया जाता है इसके अलावा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का भी बड़ी मात्रा में उपयोग किया जाता रहा है। इन सब अनियमितताओं पर कार्रवाई करते हुए आज निगम ने शहर के अहाता सेंटरों पर पहुंचकर कार्रवाई किया।



शहर में गंदगी करने वालों को रोकने के लिए संचालित स्वच्छता पेट्रोलिंग ने आज 11 लोगों को कचरा फैलाते और गंदगी करते पकड़ा,जिसके बाद कार्रवाई करते हुए सभी के ऊपर 24 हजार 500 का जुर्माना लगाया गया। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने कहा की गंदगी फैलाने और स्वच्छता के मापदंड के विरूद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी,अहाता सेंटर भी मापदंड और नियमानुसार दुकान का संचालन करें,गंदगी फैलाने पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी

### बारिश के कारण ट्रेनें होंगी प्रभावित

**बिलासपुर।** 19 अगस्त को मुंबई क्षेत्र में भारी बारिश और जलभराव के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे से होकर चलने वाली कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा । इसमें देरी से चलने वाली ट्रेनों मे 19 अगस्त को मुंबई से चलने वाली 12261 मुंबई –हावड़ा एक्सप्रेस मुंबई से 4 घंटे देरी से रवाना होगी । 19 अगस्त को मुंबई से चलने वाली 12809 मुंबई –हावड़ा मेल एक्सप्रेस मुंबई से 5 घंटे देरी से रवाना होगी । 19 अगस्त को कुर्ला से चलने वाली 22511कुर्ला –कामाख्या एक्सप्रेस कुर्ला से 7 घंटे देरी से रवाना होगी । 20 अगस्त को कुर्ला से चलने वाली 12879 कुर्ला –भुनेश्ववर एक्सप्रेस कुर्ला से 4 घंटे देरी से रवाना होगी ।

### चेन पुलिंग करने वालों पर 4 लाख जुर्माना

**बिलासपुर।** ट्रेन में बिना किसी कारण अलार्म चेन पुलिंग करने वाले यात्रियों के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 4 लाख से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया है। रेलवे के अनुसार मंडल के विभिन्न स्टेशन और आउटर क्षेत्रों में अलार्म चेन का दुरुपयोग करने के 1052 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनके खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल ने रेलवे एक्ट के तहत 4 लाख 50 हजार रुपए से अधिक अर्थदंड वसूल किया है।

## 1 लाख 20 हजार का गांजा मिला लावारिस हालत में

### मामला दर्ज, आबकारी विभाग को सुपुर्द किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- आरपीएफ ने पेट्रोलिंग के दौरान की कार्रवाई

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में पेट्रोलिंग के दौरान आरपीएफ की टीम को 1 लाख 20 हजार रुपए का गांजा लावारिस हालत में मिला, जिसे आबकारी विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है।

रविवार की रात आरपीएफ पोस्ट निरीक्षक राजेश वर्मा, सहायक उपनिरीक्षक टीआर कुर्रे, प्रधान आरक्षक आरपी द्विवेदी, जिला आबकारी अधिकारी छबिलाल पटेल, आबकारी के उपनिरीक्षक वेदप्रकाश नेताम, तेलेस्कोर एक्का व अन्य स्टाफ नशीले की रोकथाम और अवैध परिवहन रोकने स्टेशन की जांच कर रहे थे। इस दौरान ओएचई आफिस के पास एक लावारिस हालत में थैला दिखाई दिया। प्लास्टिक थैले को खोलकर चेक करने पर उसके अंदर 6 पैकेट गांजा रखा हुआ मिला, जिसकी कीमत 1 लाख 20 हजार रुपए है। इस दौरान टीम ने आरोपी की तलाश भी की, जिसके नहीं मिलने पर गांजा पोस्ट लाकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 20 (बी)(2) के तहत अपराध दर्ज करने के बाद आबकारी विभाग के सुपुर्द कर दिया गया।

## स्कूटी की डिक्की से 70 हजार रुपए चोरी, दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मल्टीलेवल पार्किंग से स्कूटी की डिक्की का लाक तोड़कर 70 हजार रुपए चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, मोपका कृष्ण नगर निवासी व्यापारी बलराम वर्मा पिता गणेश वर्मा 36 साल 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी को 70 हजार रुपए पेमेंट मिलने पर स्कूटी में रकम रखकर कोतवाली थाना परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में अपनी स्कूटी खड़े कर दर्शन करने के लिए खाटू श्याम मंदिर चले गए। दर्शन करने बाद वापस आए तो डिक्की खुली मिली उसमें रखे 70 हजार रुपए चोरी हो गई थी। उन्होंने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पार्किंग में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो दो युवक डिक्की खोलते नजर आए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर टीआई देवेश सिंह राठौर, गोकूल जांगड़े राहुल जगत, अमित सिंह ने पतासाजी कर रविशंकर गुप्ता पिता गौरीशंकर राजकिशोरगर परशुराम चौक, जितेन्द्र वैष्णव पिता नर्मदा प्रसाद श्यामनगर लिंगियाडीह निवासी को पकड़कर 70 हजार रुपए बरामद कर लिया गया है। चोरी करने के बाद दोनों युवक 35 - 35 हजार रुपए आपस में बांट लिए थे। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी।




## चेन्नई में पढ़ाई के दौरान दोस्ती अनाचार के बाद शादी से इनकार

**बिलासपुर।** चेन्नई में पढ़ाई के दौरान शहर की एक छात्रा की एक छात्र से दोस्ती हो गई। शादी करने का झांस देकर छात्रा से अनाचार करता रहा। उसके बाद उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

तारबाहर थाना के एसआई रामनरेश यादव ने बताया, वर्ष 2024 में शहर की एक छात्रा चेन्नई में बीटेक की पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान उनके साथ पढ़ाई करने वाले वाराणसी निवासी अश्वीन प्रभाकर से दोस्ती हो गई। छात्रा अपने घर आई तो अश्वीन शहर आया और छात्रा को सीएमडी चौक स्थित होटल में मिलने के लिए बुलाया। होटल के रूम में युवक ने शादी करने का झांसा देकर छात्रा से शारारिक संबंध बनाया। उसके बाद लगातार संबंध बनाते रहा है। छात्रा वर्तमान में हैदराबाद में जॉब कर रही है। छात्रा ने अश्वनी प्रभाकर से मिलकर शादी करने का दबाव बनाई तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया।





## खबर संक्षेप

### कैंसर से पीड़ित का राजपूत युवा मोर्चा ने किया आर्थिक सहयोग



**लोरमी।** ग्राम बिठल्दह निवासी राजू सिंह पिता मयाराम राजपूत कैंसर से पीड़ित हैं, एवं कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण अपने इलाज के लिए भारी परेशान हैं। उनकी विपरीत परिस्थिति में राजपूत समाज के दानदाताओं के सहयोग से राजपूत युवा मोर्चा ने 42 हजार 801 रुपए की आर्थिक मदद की। इस मौके पर अध्यक्ष संजय सिंह, गणेश, संतोष, नरोत्तम , सुदर्शन, महावीर, सतीश, बीरेंद्र, नरेंद्र, धरमजीत, शेर, रघुनाथ, हृदय, अशोक फौजी, राजू सिंह, कुंवर बलराज, धरमपाल, शत्रुघ्न सिंह आदि उपस्थित रहे।

### 10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**लोरमी।** आबकारी विभाग ने ग्राम बुधवारा मार्ग में कार्रवाई करते हुए 10 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आबकारी विभाग अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में आबकारी निरीक्षक अमित शाह ने गश्त के दौरान बुधवारा मार्ग पर बुधवारा निवासी लाल दास बंजारे के कब्जे से 10 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधि के धारा 34(1)(क) ,34(2) एवं 59(क) के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### प्रतिभावान बच्चों को सपने साकार करने का प्लेटफार्म मिलेगाः मरपच्ची



**गौरेला।** मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने विधायक निशुल्क कोचिंग सेंटर का पूजन-अर्चना कर शुभारंभ किया। इस कोचिंग सेंटर में शासकीय प्रतियोगिता परीक्षाओं के तैयारी के लिए निशुल्क कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। विधायक मरपच्ची ने बताया कि, जिले में होनहार और योग्य विद्यार्थियों की कमी नहीं है, किन्तु सही मार्गदर्शन एवं सुविधाओं के आभाव में यहां के छात्र छात्राओं को लाभ नहीं मिल पा रहा था। यह संस्थान पूरी तरह निशुल्क है, यहां सभी प्रकार की कोचिंग कराई जाएगी, ताकि हमारे अंचल के बच्चों को भी सही समय पर सही मंच प्राप्त हो सके। यहां आर्थिक रूप से कमजोर और प्रतिभावान बच्चों को अपने सपने को साकार करने के लिए एक प्लेटफार्म मिलेगा। इस अवसर पर विधायक निशुल्क कोचिंग सेंटर के प्रबंधक जनार्दन श्रीवास, भाजपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव, महामंत्री किशन सिंह, बृजलाल सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष कमलेश यादव, भाजपा नेता सहित मरवाही के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### आवास योजना से जरुरतमंदों को मिलेगी राहत



**करगीरोड कोटा।** नगर पंचायत कोटा की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को अनुज्ञा प्रदान की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू, उपाध्यक्ष प्रदीप कौशिक तथा पार्षद जय मरावी, बाबा गोस्वामी, बहुरा बाई, देवेंद्र कौशिक, पार्वती साहू, अंजना चौकसे, गिरीराज गोस्वामी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 49 पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु अनुज्ञा पत्र वितरित किए गए। नपं अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू ने कहा कि, शासन की मंशा है कि, प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को अपना पक्का मकान मिले, इसी दिशा में नगर पंचायत की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उपाध्यक्ष प्रदीप कौशिक ने कहा कि, इस योजना से समाज के कमजोर वर्गों को राहत मिलेगी, और उन्हें बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। पार्षद अंजना चौकसे ने आभार व्यक्त किया।

### ग्रामीणों ने की गौठान भूमि आरक्षित करने की मांग

**लोरमी।** वार्ड क्रमांक 10 के ग्रामीणों ने वार्ड में गौमाता के लिए गोठान की मांग कलेक्टर से की है। इसके पूर्व इन्होंने सुशासन त्यौहार में भी गोठान की मांग की थी, जिस पर अभी तक कोई पहल नहीं की गई, न ही कोई जानकारी ग्रामीणों को दी गई है। ग्रामीण पन्ना लाल तिवारी ने बताया कि वार्ड क्रमांक 10 मजगांव के गौठान में शासन ने 50 बिस्तर अस्पताल बना दिया है, जिसके कारण गौ माता के ठहरने के लिए कोई जगह नहीं है। ग्रामीणों ने हल्का पटवारी से इस संबंध में जानकारी लेने पर बताया कि, वार्ड में 5 से 6 एकड़ शासकीय भूमि खसरा नंबर 152 स्थित है, जिस पर गोठान बनाया जा सकता है। इस भूमि का चिन्हांकन एवं सीमांकन कर ग्रामीणों ने गौठान के लिए भूमि आरक्षित करने की मांग की है ।

### एनएचएम की हड़ताल का स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा असर

# संविदा कर्मियों ने हाथों में मेहंदी लगाकर किया प्रदर्शन



प्रदर्शन करते एनएचएम कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले मुंगेली जिले के संविदा एनएचएम कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर है। मंगलवार को हड़ताल के दूसरे दिन संविदा कर्मचारियों ने हाथों मे मेहंदी लगाकर नारेबाजी की। लोगों ने अपनी हथेलियों पर मेहंदी से अपनी मांगे लिखकर शासन-प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर की।

एनएचएम कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष पवन निर्मलकर ने बताया कि संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, कार्य मूल्यांकन सीआर में पारदर्शिता, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकम्पा नियुक्ति, मेडिकल व अवकाश सुविधा, स्थानांतरण नीति एवं 10 लाख तक कैशलेस स्वास्थ्य बीमा आदि 10 सूत्रीय मांग को लेकर कर्मचारी हड़ताल पर हैं। एनएचएम कर्मचारी विगत 20 वर्षों से प्रदेश एवं जिले के सुदूर अंचलों से लेकर प्रमुख शासकीय संस्थानों में स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ बने हुए हैं। कोविड-19 महामारी जैसे संकट में भी इनकी भूमिका अतुलनीय रही है। इसके बावजूद, आज भी उन्हें मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है, जबकि अन्य राज्यों में इसी मिशन के कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान मौजूदा सरकार के वरिष्ठ नेताओं ने हमारे आंदोलन को समर्थन दिया था।

#### संविदा कर्मियों ने बताई अपनी परेशानी

विरोध प्रदर्शन में शामिल संविदा कर्मियों ने बताया कि, वे कई वर्षों से न्यूनतम सुविधाओं और कम वेतन में अधिकतम कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद कभी शासन की तरफ से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों के साथ इस तरह की अनदेखी सही नहीं है। संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि, वे यह आंदोलन मांगों की पूर्ति के लिए नहीं बल्कि सम्मानजनक सेवा शर्तों और स्थायित्व के लिए लड़ रहे हैं। अगर सरकार एवं शासन प्रशासन इन मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं करती है तो हमारा यह आंदोलन प्रदेशव्यापी हो जाएगा। इस अवसर पर डॉ अखिलेश बंजारे, डॉ मीनाक्षी बंजारे, अमित दुबे, डॉ शशांक उपाध्याय, डॉ ज्योति पाण्डेय, जितेन्द्र गौचंद, राकेश टोंडर, ओमप्रकाश कुर्रे, सुमेध खुजूर, केनेड़ी पोलूस, रितेश मिश्रा, दीनदयाल बंजारे, धीरज रात्रे, सुषमा पाण्डेकर, नंदनी, लक्ष्मी साहू, कविता घोसले, रुखमनी, अमन, जितेन्द्र तिवारी, भूपाल पुष्पांजलि, राजेन्द्र, कैलाश जायसवाल, चन्द्रसेन, संतोष लहरे, राकेश वैष्णव, उत्तम धुरी सहित बड़ी संख्या में एनएचएम अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सर्व यादव समाज ने मनाई जन्माष्टमी




कार्यक्रम में शामिल सामाजिकजन व अतिथि।

**तखतपुर।** नगर में सर्व यादव समाज की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षाउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामचंद्र यादव ने कहा कि, भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बाल्यावस्था में ही पूतना जैसी दुष्ट राक्षसी का सर्वनाश किया एवं इंद्र के प्रकोप से बचने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी एक उंगली पर उठाकर लोगों की रक्षा की।

भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना के बाद युवाओं ने बाइक रैली निकाल कर डीजे के साथ नगर भ्रमण किया। रैली के पश्चात तखतपुर श्रीराम सदन में मंचीय कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें समाज के लोगों ने अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर विश्वनाथ यादव ने कहा कि, समाज में होने वाली कुरीतियों को समाप्त करने के लिए शिक्षा बहुत अनिवार्य है। संतोष कौशिक ने कहा कि, यादव समाज हमेशा से ही सेवा भाव के रूप में जाना जाता है। यादव समाज की विरासत बहुत बड़ी और लंबी है। जनपद पंचायत अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार ने कहा कि, यादव समाज का इतिहास उतना ही पुराना है, जितना महाभारत और रामायण का है। नगर पालिका अध्यक्ष पूजा कौर मक्कड़ ने कहा कि, पुराने काल खंड में जिन कुलों का नाम मिलता है, उसमें यादव कुल का भी नाम है, जिस कुल में भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लिया। कार्यक्रम को गीता यादव, दिनेश राजपूत, अमित यादव, नैनलाल साहू, ललिता संतोष कश्यप ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सरजू यादव एवं आभार प्रदर्शन अजय यादव ने किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में लतेलू यादव, कविता महेश यादव, अंबिका साहू, राकेश तिवारी, शिवेंद्र कौशिक, अमित मंदानी, अनिल सिंह ठाकुर, सुधांशु मिश्रा सहित समाज की प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आयोजक के रूप में मुख्य रूप से ललित यादव, गरीबा यादव, संतराम यादव, शिव, विक्की, राहुल, आयुष, राजकुमार, संजू, राजकुमार, अमित, दीपक, छोटू, आयुष, मंजीत, विलास, पुकार, टीकाराम, सरपंच अनुराग, पिंटू, विजय, मनीष, देव, मालती यादव, सीमा यादव, अतुल, अखिल, देवेंद्र, कोमल, विराज, राजकुमार, सुरेश, पप्पू, विक्की, मुकेश, राकेश, उमाशंकर, केशव, शेखर, भारत, मनमोहन, जनक, विक्कू, भोला, मुकेश, श्रवण, चतुर, दुर्गा, डिंपल, अश्वनी, गोपाल, दीपक, गणेश, यादव सहित सामाजिकजन मौजूद थे।

### आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में साइकिल वितरित



**पेंड्रा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय में शासन की 'सरस्वती साइकिल वितरण योजना' के के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य वीके वर्मा ने कहा कि, यह साइकिल सिर्फ यात्रा का साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मबल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा, खेल और जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रकाश राय और सदस्य मदन सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि, शिक्षा ही सशक्तिकरण का मूल आधार है, और सरकार की यह योजना बालिकाओं की पढ़ाई को सुगम बनाने के लिए एक सराहनीय प्रयास है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में छात्राएं, अभिभावक व विद्यालय स्टाफ के लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस योजना के लिए शासन और स्कूल प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## लोगों में जागरुकता लाने 'पहल' कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव




मुंगेली एसपी भोजराम राम पटेल के नेतृत्व में समाज में बढ़ रही नशाखोरी, सायबर ठगी, यातायात सुरक्षा, गौरक्षा जैसी कुरीतियों को लेकर लोगों में जागरूकता लाने 'पहल' अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर पंचायत जरहागांव के गांधी मैदान के पास जरहागांव थाना प्रभारी की टीम एवं गौ सेवकों के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय 'पहल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान एसपी भोजराम पटेल, डीएसपी सीके घृतेश, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, देव भास्कर, राजकुमार कश्यप सहित अन्य मौजूद रहे। इस दौरान एसपी भोजराम पटेल ने कानूनी जागरूकता लाने के साथ धार्मिक गतिविधियों को परिचित कराने श्रीराम जीवन गाथा का वर्णन किया, जिससे उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। साथ ही एसपी ने नशाखोरी, सायबर अपराध सहित अन्य अपराधों में अंकुश लगाने लोगों से सहयोग प्रदान करने की अपील की। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने कहा कि, समाज में जागरूकता लाने की परम आवश्यकता है, इसकी शुरूआत अपने घर से करें। उन्होंने कहा कि, आज के परिवेश में लोग अनैतिक कार्य को अंदर और गौ माता को बाहर छोड़ रहे हैं, जिससे सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है। इसके लिए गौपालकों को जागरूक होने की आवश्यकता है।

#### गौ विज्ञान परीक्षा ब्रोसर का प्रदर्शन

इस अवसर पर अतिथियों ने गौ विज्ञान परीक्षा का प्रदर्शन किया, ताकि इसमें सम्मिलित होकर विद्यार्थी छत्तीसगढ़ी संस्कृति धरोहर को जानने के साथ गौ माता की विशेषता पर अपना ज्ञान बढ़ा सकें। इसके लिए समन्वयक गौकरण डिंडोरे समय-समय पर प्रचार-प्रसार करने के साथ उक्त परीक्षा में भाग लेने प्रेरित कर रहे हैं। इस अवसर पर मौजूद समस्त गौसेवकों को एसपी ने श्रीफल व साल प्रदान कर सम्मानित किया।

### मिशन 90 प्लस परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्यक्रम प्रारंभ

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत जिले में कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में 'मिशन 90 प्लस परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्यक्रम' प्रारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में अध्ययनरत कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना तथा बोर्ड परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सुधार लाना है। इसी कड़ी में केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव सहित जनप्रतिनिधियों को स्कूलों का चयन कर शिक्षा गुणवत्ता की दिशा में सहयोग करने की अपील की गई है। ये सभी जनप्रतिनिधि चयनित स्कूलों का समय-समय पर दौरा कर न केवल शिक्षा गुणवत्ता का जायजा लेंगे, अपितु बच्चों को परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने एवं लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने प्रेरित एवं प्रोत्साहित करेंगे। जनप्रतिनिधियों की इस सक्रिय भागीदारी से शिक्षा गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। इसी क्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के दौरे के लिए शासकीय उमा विद्यालय कंतेली, उप मुख्यमंत्री अरुण साव के दौरे के लिए शासकीय उमा विद्यालय गोड़खाम्ही, विधायक मुंगेली पुन्नूलाल मोहले के दौरे के लिए शासकीय उमा विद्यालय दशरंगपुर, विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक के दौरे के लिए शासकीय उमा विद्यालय चुनचुनिया का चयन किया गया है।

## गुणवत्ताहीन कार्य को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

गौरव पथ निर्माण में डिवाइडर बेस का कार्य गुणवत्ताहीन किया जा रहा है, जिसको लेकर नेता प्रतिपक्ष सहित पार्षदों ने नपा के अधिकारियों के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई।

डिवाइडर में बिना क्यूरिंग के तुरंत बेस करते हुए गौरव पथ का जाल बांधने का कार्य चल रहा है। जिसे नेता प्रतिपक्ष ने गुणवत्ताविहीन बताते हुए नगर पालिका इंजीनियर को उक्त अनियमितता के बारे में जानकारी देते हुए गुणवत्तायुक्त स्टीमेट के अनुसार कार्य कराए जाने के लिए कहा। नगर का गौरव पथ को पूर्व में सन 2010 में तत्कालीन नगरीय प्रशासन मंत्री अमर अग्रवाल ने स्वीकृति प्रदान की थी। नगर पालिका के तात्कालीन अध्यक्ष शैलेश पाठक के कार्यकाल में यह गौरव पथ का निर्माण हुआ था। उस समय गुणवत्तापूर्ण कार्य के चलते 15 साल में इस मार्ग पर किसी भी प्रकार का कार्य करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। 15 साल के अंतराल के बाद उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने खड़खड़िया नाला से पड़ाव चौक तक गौरव पथ पुर्ननिर्माण हेतु 5 करोड़ 5 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की, जिसले डिवाइडर, विद्युत पोल, बीटी रोड, पाथवे एवं नाली निर्माण होना है। नपा नेता प्रतिपक्ष मोहन मल्लाह एवं पार्षदों ने गौरव पथ का निरीक्षण किया, जिसमें गुणवत्ताविहीन कार्य होना पाया गया। उन्होंने पाया कि, डिवाइडर का काम चालू किया गया है जिसमें बेस का कार्य चल रहा है। बेस करने के बाद बिना क्यूरिंग के तुरंत दूसरे दिन गौरव पथ का जाल बांधने का कार्य चल रहा है। इसे लेकर नेता प्रतिपक्ष ने नगर पालिका के इंजीनियर को निर्देशित किया कि, गौरव पथ शहर की शान है, इसकी गुणवत्ता में हम किसी प्रकार की कोई समझौता नहीं करेंगे। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे अधिकांश कार्यो में संबंधित इंजीनियर फील्ड में नही रहते, जिसके चलते ठेकेदार गुणवत्ताविहीन कार्यो को अंजाम दे रहे है। इसके पूर्व भी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम के पास गार्डन में भी अटल परिसर निर्माण में भी अनियमितता की शिकायतें आ रही थीं।



गौरव पथ निर्माण कार्य का निरीक्षण करते नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से गांव में छाया अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव



क्षेत्र के बिरगहनी गांव में बीते एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है, जिसके चलते पूरे क्षेत्र में अंधेरा छाया हुआ है। बिजली आपूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी बार-बार बिजली विभाग को दी गई, लेकिन अब तक कोई कर्मचारी मरम्मत के लिए मौके पर नहीं पहुंचा। विभागीय लापरवाही से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

गांव में शाम होते ही अंधेरा छा जाता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं किसान मोटर नहीं चला पा रहे हैं, जिससे धान की फसल सूखने की कगार पर है। यहां तक कि निस्तारी के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के बावजूद विभागीय अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। आक्रोशित ग्रमीणों ने चेतावनी दी है कि, यदि जल्द ही ट्रांसफार्मर की मरम्मत या बदलने की कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि मिलन कुर्रे, राजेश घिंडोरे, पुष्कर, रमेश पहारे, सरोज, नरेंद्र, रामप्यारे, घनश्याम, भरत, हिरुआ, कर्मराज, जितेन्द्र,दुर्गा प्रसाद, धन्नू, आशीष, गोलू सोनवानी, राजेंद्र, विनोद, जय प्रसाद, बल्दू, मनोज शिव दास, रूपेश पाली, रंजीत घिंडोरे मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता सेनानियों ने प्राणों की आहुति देकर कराया देश को आजाद

**तखतपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर में विभिन्न संस्थाओं, कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं में ध्वजारोहण किया गया।

नगर पालिका कार्यालय में अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने ध्वजारोहण करते हुए कहा कि हम उन महासेनानियों को याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं जिनकी बदौलत भारत आजाद हुआ। उन सेनानियों ने अपने प्राणों की आहूति देकर भारत से अंग्रेजों को खदेड़ दिया और जंजीरों की गुलामी से मुक्त किया। इस मौके पर पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़, नपा उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, विधायक प्रतिनिधि अमित मंदानी, अनुपमा अभिषेक पाण्डेय, कोमल सिंह ठाकुर, शैलेंद्र निर्मलकर, सुनील जांगड़े, इस्लाम अंसारी, जसप्रीत रमन हुरा, कैलाश देवांगन, परमजीत लवली हूरा, अंजू देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, अंकित अग्रवाल, पूजा बबलू गुप्ता, मुन्ना श्रीवास, बिहारी देवांगन, आदित्य अग्रवाल, अमरेश सिंह, परवेज भारमल , विमला जांगड़े, टेकचंद कारड़ा, मुकीम अंसारी, अजय सिंह ठाकुर, अजय ध्रुव, अवधेश शुक्ला, घनश्याम जांगडे, नटटू जाससी, राजू ठाकुर, जितेंद्र राज, याकिन दास सहित अन्य उपस्थित रहे।

### तखतपुर क्षेत्र में हर्ष व उल्लास के साथ मना स्वतंत्रता का पर्व





गांधी चौकः सेवादल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गांधी चौक पर बेनी सिंह ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप ताम्रकार एवं आभार प्रदर्शन परविंदर खेड़ा ने किया।

शहीद स्मारकः शहीद स्मारक में पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम का संचालन बिहारी देवांगन एवं आभार प्रदर्शन राजू सिंह ठाकुर ने किया।

कन्या हाई स्कूलः कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गुरदीप कौर खुराना ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात विद्यालयीन छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला एवं आभार प्रदर्शन रश्मि मिश्रा ने किया।

व्यवहार न्यायालयः स्वतंत्रता दिवस पर व्यवहार न्यायालय में व्यवहार न्यायाधीश ऋचा यादव ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अशोक ठाकुर, विवेक पाण्डेय, चंद्रहास पाण्डेय, सत्येंद्र जायसवाल, अजय सोनकर, दुर्गा ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

जनपद पंचायतः जनपद पंचायत में अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सीईओ सत्यव्रत तिवारी सहित उपाध्यक्ष राकेश तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य केंद्रः स्वतंत्रता दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा मण्डल महामंत्री प्रमोद ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बीएमओ उमेश साहू, राजकिरण शर्मा, सुनील हसंराज सहित अन्य उपस्थित रहे।

जनपद स्कूलः जनपद मिडिल स्कूल में पूर्व पार्षद शिव देवांगन ने ध्वजारोहण ध्वजारोहण किया, फिर प्रसाद का वितरण किया गया।

बोहरा समाज मस्जिदः बोहरा समाज के मस्जिद में स्वतंत्रता दिवस पर पार्षद परमजीत लवली हूरा ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

मदरसा में ध्वजारोहणः मुस्लिम ममाज द्वारा मदरसे में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सामाजिकजन उपस्थित रहे।

एसडीएम कार्यालयःअनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में एसडीएम शिव कुमार कंवर ने ध्वजारोहण किया।

तहसील कार्यालयःस्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तहसील कार्यालय में तहसीलदार पंकज सिंह ने ध्वजारोहण किया।

कन्या महाविद्यालयःकन्या महाविद्यायल में सरला पांडे ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर उन्होंने छात्राओं को संबोधित किया।

आरक्षी केंद्रः स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आरक्षी केंद्र में थाना प्रभारी अनिल अग्रवाल ने ध्वजारोहण ध्वजारोहण किया।